विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाईनिंग टेबल, सर्विंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
सही दाम विश्वसनीयता का प्रतीक
शारदा विहार, रेलवे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 328 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 30 अगस्त 2025 डाक 31 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




# जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में बादल फटने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत

**रियासी, 30 अगस्त [एजेंसी]।**



जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में कल रात दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां पर बादल फटने के कारण एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। पूरा मामला रियासी के माहौर इलाके का है, जहां कल रात बादल फटने की घटना हुई। बताया जा रहा है कि रात के समय एक परिवार अपने घर में सो रहा था। इस दौरान बादल फटने की वजह से आए मलबे में परिवार के लोग दब गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू किया और सभी शवों को बाहर निकाला। स्थानीय विधायक माहौर मोहम्मद खुर्शीद ने पत्रकारों से बात करते हुए हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, यह बहुत दुख की बात है। इतनी तेज बरसात और तूफान मैंने आज तक नहीं देखा है। मेरे क्षेत्र का एक मकान शुक्रवार रात को बादल फटने की चपेट में आ गया है। इसमें नजीर अहमद (करीब 37 वर्ष) और उनकी पत्नी वजीरा बेगम (करीब 35 वर्ष) के साथ-साथ दंपति के पांच बच्चे अपने मकान में सो रहे थे। उन्होंने बताया, इस दौरान रात में भीषण बारिश हुई और बादल फट गया। बादल फटने के बाद जितना भी मलबा था, पूरा का पूरा उनके मकान पर जा गिरा।

इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। सुबह से ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। सातों शव मलबे से निकाल लिए गए हैं। खुर्शीद ने बताया, ÷इस हादसे में बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। इस हादसे पर जितना अफसोस किया जाए, उतना कम है। हादसे में जान गंवाने वाले लोग बहुत गरीब थे और रात में सोते हुए ही उनकी मौत हो गई। मैं घटनास्थल पर पहुंचने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन भारी बारिश की वजह से सारे रास्ते बंद हैं। भदौरा ब्रिज बह चुका है, सारी रोड बंद पड़ी हुई हैं। हम सरकार से उनको मदद दिलाने के लिए पूरी कोशिश करेंगे और राहत बचाव कार्य तेज करेंगे। उनके परिवार में कोई बचा नहीं, लेकिन जो भी भाई-बहन होंगे, उनसे संपर्क करेंगे।

## रामबन की राजगढ़ तहसील में बादल फटा, तीन की मौत और पांच लोग लापता, बचाव अभियान जारी



**रामबन 30 अगस्त।** रामबन जिले की राजगढ़ तहसील में बादल फटा है, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि बचाव दल को प्रभावित क्षेत्र में भेज दिया गया है और लापता लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। अब तक तीन शव बरामद किए जा चुके हैं। अचानक बादल फटने से बाढ़ आ गई, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचा है और इलाके में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ितों के परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जबकि खोज और बचाव अभियान जारी है। जम्मू क्षेत्र में मंगलवार को हुई भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ के बाद पिछले पांच दिनों से ट्रेन सेवाएं ठप हैं।

## भारत किसी को दुश्मन नहीं मानता, राजनाथ सिंह ने अमेरिका को सुना दी खरी-खरी



**नई दिल्ली 30 अगस्त।** भारत पर ट्रंप द्वारा थोपे जा रहे टैरिफ और रूस से कच्चा तेल न खरीदने के लिए बन रहे दबाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका को स्पष्ट शब्दों में जवाब दे दिया है। राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता। उन्होंने कहा कि कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता है, केवल स्थायी हित होते हैं। राजनाथ सिंह ने ये भी कहा कि भारत के लिए अपने किसानों और अपने उद्यमियों का हित ही सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल लाभ नहीं, बल्कि एक जरूरत बन गई है। दरअसल राजनाथ सिंह समाचार चैनलके डिफेंस समिट 2025 के कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कई अहम टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया इतनी तेजी से बदल है कि हर दिन हमारे सामने नई चुनौतियां आकर खड़ी हो जाती हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता को पहले केवल विशेषाधिकार के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज यह अस्तित्व बनाए रखने और प्रगति के लिए शर्त है।

## नक्सलियों ने बीजापुर में फिर खूनी वारदात को दिया अंजाम



**बीजापुर।** बीजापुर जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां नक्सलियों ने एक शिक्षादूत की हत्या कर दी। नक्सलियों ने शिक्षादूत का अपहरण किया था और उसके बाद उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला गंगालुर थाना इलाके का है। नक्सलियों ने तोड़का का निवासी शिक्षादूत का लेंड्रा से अपहरण किया था और अब उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं हत्या की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शिक्षादूत के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आपको बता दें कि, नक्सलियों ने अब तक 9 शिक्षादूतों की हत्या की है। बंद स्कूलों का संचालन फिर से शुरू होने के बाद से नक्सली नाराज चल रहे थे और इसी से बौखलाए नक्सलियों ने अब तक 9 शिक्षादूतों की हत्या की है। नक्सलियों ने अब तक बीजापुर में 5 और सुकमा में 4 शिक्षादूतों की हत्या की है।

## भाजपा विधायक की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त विधायक, उनके गनमैन और ड्राइवर घायल



**देलवाड़ा 30 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी की नेता और राजसमंद से विधायक दीप्ति माहेश्वरी की गाड़ी शनिवार सुबह उदयपुर-राजसमंद हाईवे पर एक भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई है। यह हादसा देलवाड़ा थाना क्षेत्र में हाईवे पर सुरंग के पास हुआ। बताया जा रहा है कि यह घटना तब हुई जब विधायक अपने राजनीतिक कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद उदयपुर जा रही थीं। इस हादसे में विधायक दीप्ति माहेश्वरी, उनके गनमैन और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## रायबरेली में जीएसटी टीम की बोलेरो को टक्कर मार दुकान में घुसा ट्रक, एक की मौत और तीन घायल



**रायबरेली, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

वाहन चेकिंग कर रही जीएसटी टीम की बोलेरो में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि जीएसटी सचल दल के तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाएगा, जहां उनका उपचार किया गया। शनिवार की भोर करीब चार बजे जीएसटी विभाग की टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम ने लोहा लाद कर जा रहे ट्रक का पीछा किया। प्रयागराज लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिल एरिया के कल्लू का पुरवा में टीम ने ट्रक को ओवरटेक कर रोकने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक चालक ने उनकी बोलेरो में टक्कर मार दी। इसी दौरान पीछे से आ रहा ट्रेलर भी ट्रक से टकरा गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक दुकान में घुस गया। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिसकी अभी पहचान नहीं हो सकी है। साथ ही जीएसटी विभाग की कामर्शियल टैक्स आफिसर आकांक्षा सिंह, दीवान प्रदीप कुमार व चालक संदीप कुमार घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। मिल एरिया के दारोगा धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

## भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के टॉयलेट से मिला शव, यात्रियों में मचा हड़कंप

**भुवनेश्वर 30 अगस्त।** भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के टॉयलेट से एक युवक का शव बरामद हुआ। यह घटना स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों के लिए किसी हैरान करने वाले हादसे से कम नहीं थी। ट्रेन की सफाई के दौरान सफाई कर्मी ने शौचालय का दरवाजा खोला तो अंदर उसे युवक का शव पड़ा मिला। देखते ही उसने तुरंत इसकी सूचना जीआरपी अधिकारियों को दी।

कश्मीर में फर्जी MBBS घोटाला

## सीबीके की छह ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा ने गुरुवार को बांग्लादेश में एमबीबीएस प्रवेश का फर्जी वादा करके उम्मीदवारों को ठगने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में छह स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई एक शिकायत के बाद की गई जिसमें आरोप लगाया गया था कि विदेश में मेडिकल सीट दिलाने के बहाने छात्रों और उनके परिवारों से भारी मात्रा में धन एकत्र किया गया था। हालाँकि, जाँच से पता चला कि यह धन कभी किसी मेडिकल कॉलेज में जमा नहीं किया गया था। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, जाँच में धोखाधड़ी के आरोपों की पुष्टि हुई है। धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश से संबंधित अपराधों के लिए आईपीसी की धारा 420 और 120-बी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आरोपियों की पहचान पीरज़ादा आबिद, पुत्र पीरज़ादा मोहम्मद नईम, निवासी बिजबेहरा, वर्तमान में नटिपोरा श्रीनगर, सैयद वसीम, पुत्र सैयद बशीर अहमद, निवासी पुलवामा, नटिपोरा के रूप में हुई है, कोकेरनाग के सैयद ऐजाज़ कादरी के पुत्र सैयद सुहैल ऐजाज़, वर्तमान में बेमिना में, और बेमिना के गुलज़ार खान के बेटे ज़ैगम खान।

## केरल में देसी बम बनाते समय धमाका, शरीर के उड़ गए चीथड़े, मलबे में बदल गया मकान



**कन्नूर, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

केरल के कन्नूर में स्थित एक मकान में शनिवार सुबह विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल भी हो गए। बताया जा रहा है कि धमाका देसी बम से हुआ था। यह विस्फोट इतना जबरदस्त था कि वहां मौजूद शख्स के शरीर के चीथड़े उड़ गए। पुलिस का कहना है कि देसी बम बनाते समय यह विस्फोट हुआ होगा। धमाके के बाद मकान पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया। पड़ोस के घर भी इस धमाके में क्षतिग्रस्त हो गए और कई लोग घायल हो गए हैं। मौके पर फोरेंसिक एक्सपर्ट और बम निरोधक दस्ता मौजूद है। विस्फोट में घायल हुए लोगों और मृत व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। जिस घर में विस्फोट हुआ, उसके मालिक का नामकीझारा गोविंदन है। उन्होंने इसे पय्यानूर में स्पेयर पार्ट्स की दुकान चलाने वाले दो व्यक्तियों को पट्टे पर दिया था। विस्फोट के वक्त घर में कितने लोग मौजूद थे, इसका अभी पता नहीं चल पाया है। कन्नूर जिले में अवैध बम बनाने के कई मामले पहले भी सामने आते रहे हैं।

अप्रैल 2024 में, सत्तारूढ़ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी का एक कार्यकर्ता पनूर में इसी तरह के एक देसी बम विस्फोट में मारा गया था। वहीं थालास्सेरी में एक 90 वर्षीय व्यक्ति की एक निर्जन भूखंड पर मिले स्टील के बम को गलती से उठा लेने से मौत हो गई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवतियों की हत्या, उत्पीड़न और पलायन... संभल में हिंदुओं के छोड़ने का दर्दनाक सच!



**लखनऊ।** संभल से हिंदुओं के लगातार पलायन के पीछे उनके परिवार की युवतियों से दुष्कर्म, लव-जिहाद, मुस्लिम युवकों से जबरन शादी व लूटपाट का कड़वा सच भी है। हिंदू युवती से शादी के बाद समाज को चिढ़ाने व नीचा दिखाने के लिए भव्य दावत-ए-वलीमा किया जाता था। न्यायिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ऐसे जख्म याद कर लोग सिहर जा रहे हैं। संभल हिंसा की न्यायिक जांच रिपोर्ट में वहां हुए 15 बड़े दंगों का ब्योरा दिए जाने के साथ ही उनमें शिकार हुए हिंदू परिवारों का भी जिक्र है। जांच आयोग ने हिंदू परिवारों के संभल से पलायन की भयावह, क्रुर व डरावनी स्थिति का वास्तविक आकलन करने के लिए शोध कराए जाने की सिफारिश भी की है।

जांच आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि आजादी के समय संभल नगर क्षेत्र में लगभग 45 प्रतिशत हिंदू आबादी थी जो घटकर अब करीब 15 प्रतिशत ही रह गई है। संभल के एक पंजाबी परिवार की भयावह कहानी भी इसी त्रासदी का हिस्सा है।

## एटीएम लुटेरा पप्पी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

दिल्ली एसटीएफ को मिली बड़ी कामयाबी




**मेवात।** मेवात (हरियाणा) निवासी एटीएम लुटेरा और वाहन चोर पप्पी उर्फ पप्पू को तुगलकाबाद में एसटीएफ दक्षिण पूर्व के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। पप्पी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और केरल में वांछित था। उसके पास से एक पिस्तौल, चार जिंदा गोलियां और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## मैं चुनाव लड़ूंगी, उमा भारती ने किया बड़ा ऐलान, जीतू पटवारी को कह दी चुभने वाली बात

**नईदिल्ली, 30 अगस्त [एजेंसी]।**



पूर्व केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश की पूर्व सीएम उमा भारती आने वाले समय में चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने खुद इस बात ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वह चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। वहीं, कांग्रेस के दिग्गज नेता जीतू पटवारी को लेकर उन्होंने कुछ ऐसा कहा, जो शायद कांग्रेस नेता को रास ना आए। दरअसल, बीजेपी नेता उमा भारती ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि वह चुनाव लड़ान पसंद करेंगी। उन्होंने कहा कि वह तो अभी 65 साल की भी नहीं हुई हैं। भारती का कहना है कि मैं तब लड़ूंगी जब मुझे लगेगा कि मैं इसके लिए तैयार हूं। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस समय चुनाव लड़ना एक बाधा होगी। उमा भारती ने समाचार एजेंसी के साथ साक्षात्कार में बताया कि मैं चुनाव लड़ना चाहती हूं। उन्होंने आगे कहा कि अभी, यह एक बाधा होगी। मेरी एक कमजोरी है। मैं अपनी प्रतिबद्धता के प्रति बहुत ही ईमानदार हूं। इसलिए, अगर मैं किसी संसदीय सीट से लड़ती हूं, तो मेरा पूरा समय और ध्यान लोगों के लिए समर्पित होगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि उन्हें कोई समस्या न हो। और अगर कुछ हुआ, तो मैं खुद को ज़िम्मेदार मानूँगी और खुद को दोषी मानूंगी। उमा भारती ने अपने साक्षात्कार के दौरान कहा कि मैं स्पष्ट लक्ष्यों और दृढ़ संकल्प वाली व्यक्ति हूं। अगर चुनाव लड़ने से यह लक्ष्य पूरा होता है, तो मैं लड़ूंगी, अगर नहीं, तो नहीं। उन्होंने आगे कहा कि मैं अपने आप में बहुत शक्तिशाली हूं। सत्ता हासिल करने के लिए मुझे किसी वस्तु की ज़रूरत नहीं है; मैं खुद एक शक्तिशाली वस्तु हूं। कुछ लोग बिना शक्ति के भी शक्तिशाली होते हैं, और मेरे पास जनता की शक्ति है। जनता ने मुझे साहस दिया है, और वह साहस मेरे लिए बहुत उपयोगी है। इस साक्षात्कार के दौरान उमा भारती ने जीतू पटवारी पर कटाक्ष भी किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अक्सर गैरजिम्मेदाराना तरीके से टिप्पणी करते हैं। वहीं, जीतू पटवारी की मध्य प्रदेश में महिलाएं अधिक शराब पीती हैं वाले बयान पर उमा भारती ने कहा कि मुझे लगता है कि उन्हें ( जीतू पटवारी ) पता नहीं है कि वे क्या बोल रहे हैं। हमारे इलाके में एक बड़ा आदिवासी इलाका है, जहां शराब पीने वाले महिलाओं और पुरुषों में कोई भेदभाव नहीं है, बल्कि वे जो पीते हैं वह ऑर्गेनिक होता है, महुआ के फल से बनता है।

## मंदिर में चुन्नी प्रसाद को लेकर हुए झगड़े में एक की मौत, हिरासत में आरोपी

**नईदिल्ली, 30 अगस्त [एजेंसी]।**



दिल्ली के कालकाजी मंदिर में चुन्नी प्रसाद को लेकर हुई बहस के बाद हुए हिंसक झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार देर शाम हुई, जब लोगों के एक समूह ने पीड़ित से झगड़ा किया, जिसकी पहचान 35 वर्षीय योगेंद्र सिंह के रूप में हुई, जो पिछले 14-15 सालों से मंदिर में सेवादार के रूप में काम कर रहा था। मृतक योगेंद्र उत्तर प्रदेश के हरदोई स्थित फत्तेपुर का रहने वाला था।

# खिलाड़ियों को करेंगे प्रोत्साहित:देवेन्द्र

## टीपी नगर स्टेडियम में खेल दिवस पर आयोजन का शुभारंभ किया सांसद ने

**कोरबा।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती व आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेल विभाग द्वारा फुटबॉल, वालीबाल, बास्केटबॉल, हाकी एवं रस्साकसी के सद्भावना मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने मेजर ध्यान चंद के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर की। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में फिट इंडिया की शपथ दिलाते हुए सांसद खेल महोत्सव की जानकारी दी एवं इसमें पंजीयन की औपचारिक घोषणा की। मुख्य अतिथि ने विजेता, उपविजेता सहित सभी खिलाड़ियों को पुरूस्कुत कर सम्मनित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं को उभारने की दिशा में खेल का आयोजन किया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण तथा ब्लॉक और क्षेत्रीय स्तर पर विविध आयोजन भी 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक किये जायेंगे। राज्यसभा सांसद ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और खेल के क्षेत्र में रूचि रखने वाले खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने सभी को खेल दिवस की बधाई दी तथा मेजर ध्यानचंद के उपलब्ध्यिं पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के हॉकी खिलाड़ी खेल एकेडमी में है। डीएमएफ के माध्यम से खिलाड़ियों का प्रोत्साहन देने के साथ खेल मैदानों को विकसित किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में बालको तथा जिला प्रशासन के सहयोग से खेल एकेडमी का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन सहयोग के लिए कभी पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने मेजर ध्यान चंद को अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक बताया।विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, नगर निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, श्री गोपाल मोदी, डा



राजीव सिंह ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण तथा जिला प्रशासन कोरबा के निर्देशानुसार प्रात: मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद नरेंद्र देवांगन, निगम आयुक्त, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नौशाद खान, क्रीड़ा भारती कोरबा जिलाध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा, ताइक्कांडो संघ के अनिल द्विवेदी, सुशील गर्ग, छत्तीसगढ़ किक बाक्सिंग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा , हाकी संघ गोपाल दास, तैराकी संघ से अशोक सक्सेना, मयंक डडसेना ने जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, के आर टंडन, रामकृपाल साहू की उपस्थिति में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# नंदोत्सव पर भक्तों में लुटाए गए उपहार

### घर में नहीं हृदय में प्रकट करें मृदुलकांत



**कोरबा।** बिलोटीया परिवार द्वारा पीलीकोठी प्रांगण में आयोजित श्री भागवतकथा के चतुर्थ दिवस बड़ी धूमधाम से श्री कृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव मनाया गया। बिलोटीया परिवार द्वारा बधाइयां दी गई। सभी भक्तों को उपहार लुटाए गए। साथ ही वासुदेव कृष्ण की झांकी ने सभी के मन को मोहित किय।

व्यास पीठ से वृंदावन धाम से पधारे मृदुलकांत शास्त्री ने कहा की कृष्ण को अपने घर में तो प्रकट करो ही। लेकिन साथ ही साथ कृष्ण तत्वों का प्राकृतिक अपने हृदय में भी करो यही कृष्ण जन्माष्टमी है । लोग एक दिन उत्सव मनाते हैं भूल जाते हैं वर्ष भर समस्याओं से घिरे रहते हैं । दुखी और उदास रहते हैं, लेकिन यदि एक बार श्री कृष्णा रूपी आनंद का प्राकट्य जीव के हृदय में हो जाए तो संसार के दुख से प्रभावित नहीं करेंगे और वह सर्वदा आनंद में मगन रहेगा। साथ ही अपने संपर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों को भी आनंदित करेगा । आचार्य श्री ने बताया कि भगवान कितने करुणामय है की गजेंद्र जैसे जल में रहने वाले जीव की प्रार्थना पर अगर भगवान दौड़े दौड़े आ सकते हैं तो क्या हम मनुष्यों की पुकार अगर सच्ची हो तो प्रभु नहीं पधारेंगे। आवश्यकता हृदय में भाव और विश्वास की है। मनुष्य होकर भी हमारे अंदर इन गुणों की सर्वथा कमी है । व्यासपीठ से आचार्य मृदुलकांत शास्त्री ने समुद्र मंथन प्रसंग के साथ-साथ आज की वातावरण में मानव जीवन में हर व्यक्ति को विचार और कर्म का सामंजस्य बनाते हुए जीवन बिताना है , तभी जीवन में अमृत तत्व का प्राकट्य होगा यह श्रवण करते हुए भगवान के श्री वामन अवतार और श्री राम अवतार की कथाओं का मनोहारी वर्णन किया। भगवान श्री राम लक्ष्मण और जानकी कथा केवट की सुंदर प्रसंग के अंतर्गत सुंदर झांकी का भी सब ने दर्शन लाभ ग्रहण किया ।

इस अवसर पर जांजगीर पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, जांजगीर विधायक ब्यास कश्यप, पूनम चंद अग्रवाल रायगढ़ अनिल अग्रवाल खरसिया एवं भक्त गण बड़ी संख्या में पधारे।

# धनरास और जमनीपाली स्कूलों के छात्रों के लिए स्वच्छता कार्यक्रम

**कोरबा।** एनटीपीसी-कोरबा की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत आसपास के गांवों के स्कूलों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वच्छता पुकारे फाउंडेशन के सहयोग से धनरास और जमनीपाली स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस जागरूकता को मजबूत करने के लिए विद्यालयों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी वाल पेंटिंग भी की गई।कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और संदेशात्मक चित्रों के माध्यम से स्वच्छ भारत, स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ समाज जैसे विषयों पर सुंदर चित्र बनाए। प्रतियोगिता में विजेताओं को उनके रचनात्मक और अर्थपूर्ण चित्रों के लिए पुरस्कृत किया गया। बच्चों ने एक रैली भी निकाली, जिसमें उन्होंने रंग-बिरंगे पोस्टर लेकर स्वच्छता और स्वस्थ पर्यावरण के महत्व पर समुदाय को जागरूक किया।



# रामलीला मेला व दशहरा उत्सव करेगा निगम, एमआईसी की बैठक में निर्णय

**कोरबा ।** कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दशहरा पर्व के दौरान 03 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। निगम की मेयर इन काउंसिल ने इस संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए इस हेतु गठित समिति की देखरेख में आयोजन को भव्यतम स्वरूप दिए जाने का फैसला लिया है। इसके साथ ही सम्पन्न मेयर इन काउंसिल की बैठक में नगर के विकास व विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यो से संबंधित प्रस्तावों को भी एम.आई.सी.द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशिष्ट उपस्थिति में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत की पहल पर 03 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव के आयोजन का प्रस्ताव रखा गया, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने इस मौके पर कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवनलीला एवं उनके द्वारा स्थापित आदर्श सर्वकालिक एवं सार्वभौमिक हैं, उनके द्वारा समाज के सामने रखें गए आदर्श आज भी उतने ही प्रासांगिक हैं, मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवनलीला पर आधारित रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का आयोजन हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजनों हेतु समय-समय पर निगम ने विभिन्न समितियों को अपना भरपूर सहयोग भी दिया है, अब निगम स्वयं 03 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का आयोजन करेगा, जो स्वागत योग्य है। मेयर इन काउंसिल सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दशहरा पर्व के दौरान निगम द्वारा उक्त कार्यक्रम का भव्यतम आयोजन किया जाएगा।

संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीद्वारों को प्रोत्साहन स्वरूप 01 लाख रूपये महापौर सम्मान निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे, राज्य सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप आज इस संबंध में मेयर इन काउंसिल द्वारा इस आशय का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

सम्पन्न मेयर इन काउंसिल की बैठक में वार्ड क्र. 12 में मिनी गार्डन निर्माण व सौदंर्यीकरण, बुधिया पेट्रोल पम्प से गांधी चौक तक आर.सी.सी. नाली निर्माण, अधोसंरचना मद अंतर्गत तैयार की गई कार्ययोजना का अनुमोदन, निगम के रिक्त भवनों के संचालन, विभिन्न वार्डो में प्रकाश व्यवस्था, वार्ड क्र. 39 में सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 38 लालघाट में सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 17 ढोढ़ीपारा में सांस्कृतिक मंच व अन्य कार्य, 20 एम.एल.डी. टी.टी.पी. निर्माण, पैनल लॉयर की नियुक्ति, निगम के साफ-सफाई कार्य, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, राताखार चौक से नहरपुल तक सी.सी. रोड निर्माण, सालिड वेस्ट मेनेजमेंट की विस्तृत परियोजना, विभिन्न जोन में स्ट्रीट लाईट प्रदाय व स्थापना कार्य, निगम के विभिन्न स्थलों में निर्मित हाल के आबंटन, दूरसंचार कम्पनियों द्वारा बिछाए गए भूमिगत केबल पर करारोपण, उद्यानिकी कार्य के लिए श्रमिक प्रदाय हेतु वार्षिक दर निर्धारण, विभिन्न वार्डो में साफ-सफाई कार्य हेतु प्राप्त निविदा दरों की स्वीकृति, सालिड वेस्ट मेनेजमेंट अंतर्गत कन्सलटेंट की नियुक्ति सहित अन्य विभिन्न प्रस्ताव एम.आई.सी.के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिस पर विचार विमर्श पश्चात मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय कुमार चन्द्रा, फिरतराम साहू, सरोज शांडिल्य, उर्वशी राठौर, धनकुमारी गर्ग, ममता यादव, भानुमति जायसवाल, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, राकेश मसीह, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, विनोद शांडिल्य, सुनील टांडे, तपन तिवारी, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, अरविंद सिंह, अरविंद वानखेड़े आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मौसम से जुड़ी बीमारियां हावी

**कोरबी चोटिया।** जिले की सरहद एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत दुरस्थ वनांचल ग्रामीण क्षेत्र सिरमिना,-पाली क्षेत्र में पिछले लगभग दो सप्ताह से मौसमी सर्दी, खांसी, बुखार,जुझ रहे हैं,सिरमिना बी

. जे.पी. मंडल के पुर्व अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि मरकाम, ने अपने क्षेत्र का दौरा कर हमारे क्षेत्रिय संवाददाता को बताया कि ग्राम पंचायत सिरमिना, सिमगा,घोसरा, जाम कछार, सि . नवा पारा, अटारी,छिदिया, सहित दमहा मुडा, झिनपुरी,कुलहरिया,पाली, बुड़ा पारा, खम्भारमुडा , सहित आसपास के भोले-भाले ग्रामीण इन दिनों भयंकर रूप से मौसमी बिमारियों के चपेट में हैं, उन्हें शासन द्वारा मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ का फायदा नहीं मिल पा रहा है वे मजबूर हो कर निजी झोला छाप डॉक्टरों से इलाज कराना पड़ रहा है, क्षेत्र के सरपंचों ने बताया कि बच्चों सहित बुजुर्ग महिला एवं पुरुष इस बिमारी से जकड़े हुए हैं वे उचित इलाज के अभाव में निकटवर्ती जिले कोरिया, मनेंद्रगढ़, एवं सुरजपुर, में मरीज को ले जाकर औने-पौने दामों में डाक्टरों को फीस व दवाई की किमत देकर अपना इलाज कराना जरूरी समझ रहे हैं ,रवि मरकाम, ने यह भी बताया कि यह वनांचल ग्रामीण क्षेत्र में गरीब तबके एवं भोले भाले लोग निवास करते हैं यहां चिकित्सा के अभाव में लोग अपनी जान भी गंवा देते हैं, मौसमी बिमारी सर्दी, खांसी, और शरीर में दर्द, बुखार,की शिकायत प्रत्येक घरों में देखा जा सकता है, उन्होंने ने समाचार के माध्यम से कहा है कि सिरमिना पी.एस . सी. क्षेत्र के अंतर्गत मौसमी बिमारी से ग्रसित प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य केंप लगाना अत्यंत आवश्यक हो गया है,

# करोड़ों की घोषणाओं पर अमल हुआ जिले में,लोगो की शिकायत हुई दूर

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि व विधायी कार्य, तथा नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव द्वारा विगत माह जुलाई में अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान नगर पंचायत पाली एवं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया था। इस दौरान उन्होंने मांग के अनुरूप अन्य विकास कार्यों के लिये अतिरिक्त राशि प्रदान करने की घोषणा की थी। प्रभारी मंत्री श्री साव द्वारा किये गये घोषणा के अनुरूप कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने डीएमएफ मद से नगर पंचायत पाली के लिये एक करोड़ 09 लाख 52 हजार तथा नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के लिए दो करोड़ 89 लाख 17 हजार की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इसी तरह कलेक्टर ने डीएमएफ से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जर्जर हो चुके भवनों के स्थान पर 46 नवीन ग्राम पंचायत भवन और 20 स्थानों पर गोदाम निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरूण साव द्वारा किये गये घोषणा के अनुरूप कलेक्टर श्री वसंत ने नगर पंचायत पाली के लिये एक करोड़ 09 लाख 52 हजार की स्वीकृति प्रदान की है। जिसमें एक करोड़ 53 लाख 02 हजार की लागत से नगर पंचायत पाली के वायपास मुख्य मार्ग के किलोमीटर 3/8 में हो रहे जल भराव के निकासी हेतु मुख्य मार्ग पर पुल एवं नाली निर्माण कार्य, चार लाख 20 हजार की लागत से मैनुअल रिक्शा क्रय शामिल है। इसी तरह नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के लिए दो करोड़ 89 लाख 17 हजार की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। जिसमें 49 लाख 07 हजार की लागत से हनुमान चौक से घुड़देवा बाजार तक विद्युत पोल विस्तार कार्य एवं लाईट स्थापना कार्य, 65 लाख 64 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 11 गजरा ग्राउंड रावण मैदान का विकास कार्य, 96 लाख 79 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 11 गजरा ग्राउंड के पास मंगल भवन निर्माण, 07 लाख 99 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 20 मुक्तिधाम में आरसीसी शवदाह हेतु स्ट्रक्चर निर्माण कार्य, 04 लाख 93 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 20 मुक्तिधाम में वाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, 29 लाख 05 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 10 डेली सब्जी बाजार निर्माण कार्य, 35 लाख 70 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 11 मंगल भवन के सामने सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य शामिल है।46 ग्राम पंचायत भवनों के लिये नौ करोड़ 20 लाख रूपये की मिली स्वीकृतिउद्योग, वाणिज्य, श्रम, सार्वजनिक उपक्रम तथा आबकारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले में 30 वर्ष से पुराने और जर्जर हो चुके पंचायत भवनों तथा ऐसे पंचायत भवन जो पूर्व में कभी स्वीकृत नहीं हुए हैं तथा भवन विहीन हो उन स्थानों में नवीन ग्राम पंचायत भवन की स्वीकृति प्रदान की है। जिले में 46 पंचायत भवनों के लिये डीएमएफ से 09 करोड़ 20 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन के लिये 20-20 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। जिसमें कोरबा विकासखंड अंतर्गत मदनपुर, सिमकेंदा, तिलकेजा, सेमीपाली, चाकामार, पण्डरीपानी, श्यांग, बरपाली कोल्गा, कछार, गिरारी, भैसमा, सतरेंगा, चचिया, पताढ़ी और गुरमा, विकासखंड कटघोरा अंतर्गत चाकाबुड़ा और देवरी, विकासखंड करतला अंतर्गत रींवापार, उमरेली, अमलडीहा, बेहरचुवां, चैनपुर, जर्वे, जुनवानी, कनकी, खुंटाकुड़ा, कोटमेर, साजापानी, सुखरीकला और तरदा, पाली विकासखंड अंतर्गत केराकछार, रतिजा, कर्रानवापारा, बम्हनीकोना, करतला, खम्हरिया, कोरबी, लाफा, नानपुलाली, रामपुर, सेन्द्रीपाली, सिरली, तिवरता, पहाड़गांव और विकासखंड पोड़ीउपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत खिरटी शामिल है।20 स्थानों पर गोदाम निर्माण के लिए 03 करोड़ 98 लाख रूपये की स्वीकृतिकलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले में समितियों की मांग के अनुसार 20 स्थानों पर सहकारी समिति/उपार्जन केन्द्रों में गोदाम निर्माण हेतु डीएमएफ से 03 करोड़ 98 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। इन गोदामों के निर्माण से समितियों को खाद, बीज, वारदानें सहित अन्य उपयोगी सामग्री सुरक्षित रखने में सहूलियत होगी। डीएमएफ से कोरबा ब्लाक के सोनपुरी, भैंसमा, श्यांग, लेमरू, कोरकोमा, कुदमुरा, कटघोरा ब्लाक के दुरपा और भिलाईबाजार, पोड़ीउपरोड़ा ब्लाक के जटगा, पसान, पोंड़ीउपरोड़ा, मोरगा, कोरबी, करतला ब्लाक के सोहागपुर, सुखरीकला, बरपाली, चिकनीपाली, रामपुर और पाली ब्लाक के ग्राम निरधि तथा चैतमा में गोदाम निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## कबाड़ ठिकाने पर बेचा कंपनी का समान, 6 सस्पेंड

कोरबा। एसईसीएल कोल माइंस के कर्मचारियों द्वारा स्क्रैप निकाल कर कबाड़ में बेचे जाने का वीडियो वायरल होने के बाद जहां एक ओर पुलिस ने कबाड़ी को गिरफ्तार किया है, वहीं स्श्वष्टरु प्रबंधन ने इस कार्य में लिप्त 6 कर्मियों को निलंबित कर दिया है।यह मामला कोरबा क्षेत्र के रजगामार और ढेलवाडीह खदान क्षेत्र का है। यहां कार्यरत कर्मचारियों ने स्टोर से सामान इश्यू कराने के साथ ही ट्रक में लोहे का स्क्रैप लोड किया और कबाड़ी के दुकान में बेचने पहुंच गये। इस पूरे घटनाक्रम का किसी ने वीडियों बनाकर वायरल कर दिया। जिसके बाद स्श्वष्टरु का विजिलेंस विभाग एक्टिव हुआ और 6 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

बताया जा रहा है कि एसईसीएल की रजगामार, ढेलवाडीह और सिंघाली भूमिगत खदान के कर्मचारियों रिजनल स्टोर से खदान के लिए सामान लेने पहुंचे थे। स्टोर से सामान इश्यू कराने के बाद अलग-अलग दिन इन कर्मचारियों ने ट्रक पर सामान लोड करने के बाद बकायदा लोहे के एंगल, बेयरिंग व अन्य कीमती स्क्रैप ट्रक में लोड कर बाहर निकल गये। जिन्हे बकायदा एसईसीएल के विभागीय ट्रक में रखकर निकालने के बाद कबाड़ी की दुकान में बेच दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम का किसी ने वीडियों बना लिया। वीडियों वायरल होने के बाद एसईसीएल प्र्बंधन में जहां हड़कंप मच गया। वहीं मानिकपुर पुलिस ने मुड़ापार स्थित कबाड़ी की दुकान से उक्त सारे सामानों को जब्त कर जांच शुरू कर दी। इस पूरे मामले में एसईसीएल मुख्यालय ने गंभीरता दिखाते हुए विजलेंस विभाग ने इस चोरी की घटना में शामिल 6 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।निलंबित होने वाले कर्मचारियों में सिंघाली भूमिगत खदान में कार्यरत सहेत्तर साय- जनरल असिस्टेंट, ढेलवाडीह खदान में सपोर्ट मिस्त्री के पद पर कार्यरत श्यामचरण इसी तरह रजगामार भूमिगत खदान में स्पोर्ट मिस्त्री के पद पर कार्यरत रामचरण, रतिराम-स्टोर टेण्डल, पंचराम सहित लिपिक संजय कुमार को निलंबित किया गया है। एसईसीएल विजिलेंस विभाग की इस कार्रवाई के बाद जहां हड़कंप मचा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ इस पूरे मामले में एसईसीएल कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस ने अभी तक अपराध दर्ज नही किया है। यदि इस पूरे मामले में पुलिस अपराध दर्ज करती है।

# अनुकंपा नियुक्ति मिलने तक हड़ताल जारी रखने की

### ओपन थियेटर के पास एनएचएम कर्मी कर रहे प्रदर्शन

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भर्ती हुए कर्मचारी अपनी 10 मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। इनमें से पांच मांगे राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार के जबकि पांच अन्य केंद्र की। कोरबा में प्रदर्शन के बीच अमरदीप मरकाम नामक कर्मचारी की हाइपरटेंशन से मौत हो गई। कर्मचारियों ने उसे श्रद्धांजलि देने के साथ अपने आंदोलन को जारी रखने की बात कही।

कोरबा के ओपन थिएटर क्षेत्र के पास राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से संबंधित कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। इसमें सभी सरकारी अस्पतालों और कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारी शामिल है। उन्होंने काफी समय से मांगो के लंबित होने का हवाला देकर इस बार हड़ताल की है। हड़ताल के बीच अमरदीप मरकाम की मौत हो गई जिसे यहां पर श्रद्धांजलि दी गई। कर्मचारी संगठन से संबंधित प्रतिनिधियों ने मीडिया से बातचीत करते बताया कि अनुकंपा नियुक्ति के कई मामले लंबित पड़े हैं। हमारी मांग है कि ऐसे सभी मामलों में दिवंगत कर्मचारियों के एक आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जाना चाहिए। मांग पूरी होने तक हमारा आंदोलन चलता रहेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े हुए कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से सरकारी अस्पतालों मैं कई प्रकार की सेवाओं पर असर पड़ा है। मेडिकल की पढ़ाई कर रही छात्रों के माध्यम से कामकाज को सुचारू रूप से चलने की कोशिश की जा रही है। याद रहे 2 दिन पहले ही प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा इस बात को कहा जा चुका है कि प्रदेश सरकार के क्षेत्राधिकार की पांच मांगों को मान लिया गया है लेकिन बाकी मांगों के लिए यहां से कुछ नहीं हो सकता।

## सरपंच ने एसईसीएल पर लगाया आरोप

**कोरबा।** खदान के लिए गांव का सर्वे कराने का दबाव सरपंच ने खदान प्रबंधन और प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप दीपिका कोयला खदान विस्तार के लिए अधिग्रहित जमीन खाली करने के लिए ग्रामीण तैयार नहीं है। खदान प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर सरपंच पर दबाव डलवा रहा है कि वह गांव का सर्वे करने दे। सरपंच सहित ग्रामीणों का कहना है कि उनकी समस्याओं को सुने और निराकरण किए बिना सर्वे नहीं होने दिया जाएगा

### सिंगापुर में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**कोरबा।** शहर के एक हिस्से में बेजा कब्जा कर वहां सूअर पालने से लोग परेशान हो गए। अपनी समस्या को ग्रैंड एसी एन न्यूज़ के जरिए निगम प्रशासन तक लोगों ने पहुंचाया। पुलिस की मदद से निगम के तोडू दस्ते ने अवैध कब्जा ढहाकर लोगों को राहत पहुंचाया नगर पालिका निगम का तोडू दस्ता शुक्रवार के दोपहर रामपुर आईटीआई के आगे बसी बस्ती सिंगापुर पहुंचा। यहां निर्मित अवैध कब्जे पर बुलडोजर चल गया। सरकारी जमीन पर कब्जा कर यहां किए गए निर्माण के बाद उसमें सूअर का पालन शुरू कर दिया गया। इन सुअरों के कारण पड़ोस में रहने वालों का जीना दूभर हो गया। इसकी शिकायत ग्रैंड एसी एन न्यूज़ टीम से की गई। न्यूज़ टीम ने इसका प्रसारण किया। नगर निगम प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए शुक्रवार के दोपहर को इस अवैध कब्जे को ढहा दिया। सूअर पलकों ने बताया कि वह यहां नहीं रहते सिर्फ यहां सिर्फ सूअर बाड़ा बना रखा था नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते मैं शामिल विकास शुक्ला ने बताया कि संबंधित व्यक्ति को नोटिस दिया गया था लेकिन कब्जा नहीं हटने पर निगम को इसे हटाना पड़ा

# स्पर्धा के साथ शुरू हुआ अग्रसेन जयंती समारोह

**कोरबा ।** महाराज अग्रसेन जयंती के पवान अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के साथ भव्य शुभारंभ किया गया ।



कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती व महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना व दीपप्रज्जवल के साथ कि गई मंचीय कार्यक्रम में अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रतियोगिताओं में बच्चों के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाता है प्रतियोगिताओं से परिवार भी जुडते है इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने अपने उदबोधन में कहा कि बच्चें जीस फिल्ड में उनकी रूचि होगी वे उसी फिल्ड में हिस्सा ले व उससे उनका भविष्य उज्जवल होगा । मुख्य अतिथि के रूप में प्रधारे अशोक खेतान ने अपने उदबोधन में कहा कि पूर्व में भी महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई जाती थी उस समय जो जोश उत्साह था आज भी सभी में वहीं जोश और उत्साह देखने को मिलता है बच्चों को इससे अपनी विभूति को आगे लाने का अवसर मिलता है । समाज के द्वारा यह मंच जो दिया जाता है वे उन्हें उचाई में लेकर जाता है । इसके साथ अग्रवाल महिला मंडल श्रीमती मनीषा गोयल, अंकित केडिया के द्वारा भी अपने उदबोधन दिया गया । इस अवसर पर गुब्बारें छोडे गये ।

इस अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओं में दिनांक 30 अगस्त 2025 को फलड लाईट किड्स टर्फ क्रिकेट दिनांक 31 अगस्त 2025 चॉकलेट रेस, कुर्सी दौड वर्ग पहेली, शतरंज, लूडो, स्नैक लैडर गेम, हिट द गिलास, मटकी फोड प्रतियोगिता दिनांक 02 सितम्बर 2025 बिंगो हाउजी 04 सितम्बर 2025 को सेटल एण्ड कॉक प्रतियोगिता बैडमिटन, सेल्फी विथ सास-ससुर, पीटठूल 05 सितम्बर 2025 अग्र सुपर किडस डांसर्स 07 सितम्बर 2025 को रंग भरो, तीन चक्का सायकल रेस, चित्रकला, दी आर्ट आफ स्टोन, बैलून इन द हैड, एक शाम अग्रसेन जी के नाम (फैसी ड्रेस) 08 सितम्बर 2025 तुलसी पत्तो से माला बनाओ, धर्मिक क्वीज, रस्सी कूद, 09 सितम्बर 2025 अग्र फन फैस्ट (बाल मेला) 10 सितम्बर 2025 छत्तीसगढी अंदाज में स्वागत संग सजावट, मेंहदी, कुर्सी दौड 11 सितम्बर 2025 पोतडा मांडो, मारवाडी समानार्थी शब्द, सुई धागा 12 सितम्बर 2025 छिलके बोले कला की भाषा, परिचर्चा 13 सितम्बर 2025 मास्टर सेफ की तिगडी 14 सितम्बर 2025 श्री अग्रसेन प्रीमियर लीग 15 सितम्बर 2025 सिक्का सजाओं, चम्मच दौड, जुगल बंदी धमाल 16 सितम्बर 2025 श्री अग्रसेन ज्ञान नॉक आउट 17 सितम्बर 2025 हाउजी, भारत एक नृत्य अनेक 18 सितम्बर 2025 पेपर बुके आर्ट, त्यौहारों की बात कहानियों के साथ, वाद विवाद, 19 सितम्बर 2025 लिपन आर्ट विथ रंगोली, मटकी फोड 20 सितम्बर 2025 हाउजी के रंग सगीत के संग का अयोजन किया जायेगा । सभी प्रतियोगिता अग्रवाल महिला मंडल व श्री अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा अयोजित कि जायेगी ।

## अनमोल वचन......

पहचान से मिला काम थोडे बहुत समय के लिए रहता हैं
लेकिन काम से मिली पहचान उम्रभर रहती हैं.....

## सरकारी फैसले से किसान नाराज

*ये प्रकरण बताता है कि किस कदर कृषि एवं उद्योग क्षेत्र परस्पर विरोधी धरातल पर चले गए हैं। यह विकास की समग्र दृष्टि के अभाव का परिणाम है। स्वस्थ अर्थव्यवस्था में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों के बीच साझा हित होते हैं।*

*अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत में मुख्य अड़चन डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन की कृषि एवं डेयरी संबंधी क्षेत्र को अमेरिकी निर्यात के लिए पूरी तरह खोलने की मांग से आई। नरेंद्र मोदी सरकार का दावा है कि उसने किसानों के हित पर समझौता करने से इनकार कर दिया। मगर उसका खामियाजा कारखाना क्षेत्र को भुगतना पड़ रहा है। अमेरिका ने भारत पर भारी आयात शुल्क थोप दिया, जिससे निर्यात निर्भर उद्योगों के सामने बड़ी मुश्किल आ पड़ी है। मतलब यह कि नव-उदारवादी दौर में भारत ने विकास का ऐसा मॉडल अपनाया, जिसमें अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में अंतर्विरोध बढ़ता चला गया है। इसकी सबसे बड़ी मिसाल कपड़ा एवं वस्त्र उद्योग है। अमेरिकी बाजार में आई रुकावट के दुष्प्रभाव से राहत पाने के लिए कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री ने सरकार से कपास पर आयात शुल्क को हटाने की मांग की। सरकार ने तुरंत ये मांग मान ली। 11 फीसदी का आयात शुल्क समाप्त कर दिया गया। 19 अगस्त से लागू इस फैसले का तुरंत असर हुआ। दो दिन के भीतर ही कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने कपास के दाम में 1,100 रुपये प्रति कैंडी की कटौती कर दी। इस कारण वस्त्र उद्योग की लागत काफी कम हो जाएगी और वह अपने उत्पादों को अपेक्षाकृत सस्ती दर पर निर्यात कर सकेगा। मगर इस सरकारी फैसले से किसान नाराज हो गए हैं। उनके संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने इस कदम को कपास किसानों के लिए मौत की गारंटी बताया है। उसने पूछा है कि किसानों को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताने का प्रधानमंत्री का दावा अब कहां गया। एसकेएम ने इस कदम खिलाफ कपास पैदावार वाले क्षेत्रों में आंदोलन छेड़ने का एलान किया है। ये प्रकरण बताता है कि भारत में किस कदर कृषि एवं उद्योग क्षेत्र परस्पर विरोधी धरातल पर चले गए हैं। यह विकास की समग्र दृष्टि के अभाव का सूचक है। स्वस्थ अर्थव्यवस्था में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्र के बीच साझा हित होते हैं। मगर ऐसा तब होता है, जब आर्थिक नियोजन की जरूरत समझी जाती हो। आज तो नियोजन शब्द से ही शासक वर्ग को गुरेज है। नतीजा सामने है।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप अपने कार्यक्षेत्र में बदलाव लेकर आयेंगें, जिसकी वजह से आपको बड़ा लाभ होगा। आपकी कोशिशों में एक नयी किरण जगमगाएगी और जल्द ही आपको सफलता मिलेगी। आज आप अपनी मेहनत और लगन से विरोधी को परास्त कर देंगे। आज लवमेट के साथ किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जाकर आप खाना खायेंगे।

**वृषभ राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहेगा। आज आपके कारोबार में दुगुना धन लाभ होगा। आज आप मार्केट जाकर परिवार के लोगों के लिए गिफ्ट खरीदेंगे, जिससे उन्हें खुशी मिलेगी। आज आप पैसों के लेन देन से बचें और व्यर्थ के खर्चो को कम करें। इस राशि की महिलाएं आज बच्चों के लिए स्वादिष्ट भोजन बनायेंगी, बच्चों को खुशी मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम बना रहेगा। आज आप कर्मचारियों के साथ अपना रवैया अच्छा बनाये रखें, जिससे वे मन लगाकर काम करें। आज आप दोस्तों के साथ खूब हंसी मजाक करेंगें लेकिन एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी और किसी उलझन का भी हल मिलेगा, अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी काम के प्रति आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी , जिसमें आप अपने कलीग की सहायता ले सकते हैं। आज अचानक आपके घर पर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिसके चलते व्यस्तता बनी रहेगी। आज आपको किसी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा, जिससे आपसी मेलजोल बढ़ेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको आपके सवालों के सारे जवाब मिलेंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आपकी कुछ प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आपको जीवनसाथी से सरप्राइज मिलने की संभावना है। धन लाभ के भी योग हैं, मां लक्ष्मी आप पर कृपा बरसाएंगी। आज आपको किसी समस्या का समाधान मिलने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपके मन में कुछ नए विचार आ सकते हैं, जो फ्यूचर में आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। आज आपके घर में मेहमान का आगमन हो सकता है ,जिससे घर परिवार में भी खुशी भरा माहौल रहेगा। आज आपको किसी करीबी के माध्यम से धनलाभ होने के योग बन रहें हैं। आज आपकी ऑफिशियल यात्रा आपके लिए फायदेमंद रहेगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। आज आपकी करोबारी गतिविधियां अच्छी चलेंगी, आपको रोज की अपेक्षा अधिक धन लाभ होगा । आज आपकी पारिवारिक समस्याएं सुलझ जाएंगी, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बनेगा। आज आप बच्चों के साथ शॉपिंग करने मार्केट जायेंगे, जिससे उन्हें खुशी मिलेगी।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपके किसी निर्णय से परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। आज आप अपने काम को पूरा करने के लिए किसी करीबी की मदद ले सकते हैं, बेहतर होगा आप अपने विवेक का उपयोग करेंगे। आज आप समय निकालकर थोड़ी देर बुजुर्गों के साथ बैठेंगे, जिससे आपको जरूरी बातें पता चलेंगी।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा , आपके घर में भौतिक साधनों की बढ़ोतरी होगी। आज आप किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जीवनसाथी की मदद ले सकते हैं। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ऑफिस की मीटिंग में अपने विचार रखेंगे , जो सभी को बहुत पसंद आयेंगे। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से सजगता और भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी , जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार को और बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे। आज आप किसी दोस्त से मिलने उसके घर जा सकते हैं, उससे मिलकर आपको खुशी मिलेगी। आज आपको संतान की तरफ से संतोषजनक नतीजे मिलने से सुकून मिलेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप घर शिफ्ट करने में अपने मित्र की मदद ले सकते हैं। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं। आज आपका व्यवसायिक दृष्टिकोण कई मामलों को सुलझाने में सक्षम रहेगा।

# भारत-जापान ने दुनिया को दिया स्पष्ट संदेश- एकध्रुवीय दबाव की राजनीति अब टिकाऊ नहीं रही

//नीरज कुमार दुबे//

**देखा जाये तो अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत तक के टैरिफ ने भारत के कई क्षेत्रों पर दबाव डाला है। किन्तु, टोक्यो में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने यह दिखा दिया कि भारत अब वैश्विक दबाव से भयभीत नहीं, बल्कि अवसर तलाशने वाला देश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा केवल एक कूटनीतिक पड़ाव भर नहीं है। यह यात्रा उस ऐतिहासिक मोड़ का संकेत है जहाँ भारत और जापान मिलकर एशिया ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक परिदृश्य को प्रभावित करने वाले साझेदार के रूप में उभर रहे हैं। टोक्यो में भारत-जापान आर्थिक मंच पर प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अपने आर्थिक, सामरिक और भू-राजनीतिक विकल्पों को लेकर कहीं अधिक आत्मविश्वासी और निर्णायक हो चुका है।**



देखा जाये तो अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत तक के टैरिफ ने भारत के कई क्षेत्रों पर दबाव डाला है। किन्तु, टोक्यो में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने यह दिखा दिया कि भारत अब वैश्विक दबाव से भयभीत नहीं, बल्कि अवसर तलाशने वाला देश है। मोदी ने बिना नाम लिए यह संदेश अमेरिका को दिया कि भारत किसी एक बाज़ार या शक्ति पर निर्भर नहीं रहेगा। जापान में दिया गया यह भाषण वस्तुतः आर्थिक स्वायत्तता का घोषणापत्र था। सुधार, पारदर्शिता, राजनीतिक स्थिरता और नीति की प्रेडिक्टेबिलिटी पर बल देकर मोदी ने निवेशकों को यह विश्वास दिलाया कि भारत उनके लिए न केवल सुरक्षित, बल्कि लाभकारी गंतव्य है।

हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिका इन दिनों अपने आर्थिक और सामरिक हितों के लिए लगभग हर देश पर दबाव बनाने की नीति पर चल रहा है। कभी वह 50त्न तक का टैरिफ लगाकर व्यापार को नियंत्रित करता है, तो कभी तकनीकी निर्यात और डॉलर प्रणाली के माध्यम से देशों को अपनी शर्तें मानने पर मजबूर करता है। यह नीति भले ही अमेरिका को अल्पकालिक लाभ दे, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक असंतोष और नए गठबंधनों को जन्म दे रही है। देखा जाये तो 21वीं सदी का एशिया अब केवल बाज़ार नहीं रह गया है। चीन के बढ़ते प्रभाव, भारत के उदय और जापान की तकनीकी ताक़त ने अमेरिका की एकतरफ़ा दबाव नीति को चुनौती दी है। एशिया की यह नई तस्वीर इस सदी को सचमुच एशियाई सदी बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रही है। भारत और जापान के बीच साझेदारी अमेरिकी दबाव का सबसे ठोस जवाब है। जापान की तकनीक और भारत का विशाल बाज़ार मिलकर वैकल्पिक सप्लाई चेन खड़ा कर सकते हैं। सेमीकंडक्टर, एआई, क्वांटम और न्यूक्लियर ऊर्जा में संयुक्त पहल अमेरिका की तकनीकी पकड़ को संतुलित कर सकती है। इसके अलावा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यह साझेदारी चीन और अमेरिका दोनों के वर्चस्ववादी रुख को संतुलित करेगी।भारत-जापान का सहयोग दुनिया को यह स्पष्ट संदेश देता है कि एकध्रुवीय दबाव की राजनीति अब टिकाऊ नहीं रही। एशियाई सहयोग ही वैश्विक स्थिरता का आधार बनेगा। साथ ही साझेदारी और सह-समृद्धि का मॉडल, दबाव और एकाधिकार से कहीं अधिक व्यवहार्य है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अमेरिका जितना दबाव बढ़ाएगा, भारत और जापान जैसे साझेदार उतनी ही मज़बूती से वैकल्पिक गठजोड़ खड़े करेंगे। इस साझेदारी में केवल द्विपक्षीय हित ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक संदेश छिपा है– भविष्य दबाव और एकाधिकार का नहीं, बल्कि सहयोग और साझा समृद्धि का है। भारत-जापान संबंधों की मजबूती की बात करें तो आपको बता दें कि जापान टेक्नोलॉजी पावरहाउस है और भारत टैलेंट पावरहाउस÷ है, यह कह कर प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच भविष्य की साझेदारी का खाका पेश कर दिया है। देखा जाये तो ऑटोमोबाइल सेक्टर में जिस प्रकार जापानी तकनीक और भारतीय बाज़ार ने सफलता का मॉडल पेश किया, वैसी ही संभावनाएँ अब सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स, बैटरियों, शिपबिल्डिंग और न्यूक्लियर ऊर्जा में हैं। भारत की विशाल युवा शक्ति और जापान की अनुसंधान क्षमता मिलकर 21वीं सदी की तकनीकी क्रांति को दिशा दे सकती है। यही वह आधार है जिस पर एशियाई सदी की बहुप्रतीक्षित इमारत खड़ी हो सकती है। मोदी का यह वक्तव्य कि भारत, जापानी कारोबार के लिए ग्लोबल साउथ का स्प्रिंगबोर्ड है केवल कूटनीतिक विनम्रता नहीं, बल्कि एक गहरी रणनीति का भी संकेत है। चीन के बढ़ते प्रभाव और अमेरिका के संरक्षणवादी रुख के बीच भारत-जापान साझेदारी विकासशील देशों के लिए एक नया विकल्प है। इसके अलावा, अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में भारत की स्वीकृति और जापान की पूंजी मिलकर वह शक्ति-संतुलन तैयार कर सकते हैं, जिसकी आज दुनिया को आवश्यकता है। यह साझेदारी चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के विकल्प के रूप में भी देखी जा सकती है। मोदी ने अपने भाषण में भारत की आर्थिक उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि 18त्न वैश्विक वृद्धि में योगदान, 700 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार, कम महँगाई, कम ब्याज दरें और मजबूत बैंकिंग प्रणाली, ये आंकड़े केवल सांख्यिकी नहीं हैं; यह उस विश्वसनीयता का प्रमाण हैं, जो आज भारत को निवेशकों की पहली पसंद बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम के अनेक देशों में जहाँ अस्थिरता और मंदी का माहौल है, वहीं भारत एक स्थिर, पारदर्शी और ऊर्जावान अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। इस यात्रा के राजनीतिक संदेश को अनदेखा नहीं किया जा सकता। अमेरिका के लिए संदेश यह था कि भारत केवल दबाव झेलने वाला बाज़ार नहीं, बल्कि वैश्विक साझेदारों के साथ स्वतंत्र रणनीति बनाने वाला राष्ट्र है।

चीन के लिए संदेश यह था कि एशिया में अकेले उसकी दावेदारी नहीं है। जापान और भारत मिलकर एक वैकल्पिक ध्रुव बना सकते हैं, जो एशियाई सदी को बहुध्रुवीय बनाएगा। देखा जाये तो भारत-जापान संबंधों में यह नया अध्याय केवल निवेश या कारोबार तक सीमित नहीं है। यह एक रणनीतिक दृष्टि का हिस्सा है, जहाँ दोनों देश एशिया और विश्व के भविष्य को परिभाषित करने की भूमिका निभा सकते हैं। मोदी की यह यात्रा ऐतिहासिक इसलिए है क्योंकि इसमें आर्थिक सहयोग को रणनीतिक साझेदारी का रूप दिया गया, अमेरिकी दबाव के बीच भारत की आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया और यह संकेत भी दिया गया कि आने वाली सदी केवल पश्चिम की नहीं, बल्कि एशिया की भी होगी। प्रधानमंत्री मोदी का यह जापान दौरा उस बड़े बदलाव का प्रतीक है, जिसमें भारत अब विश्व व्यवस्था का 'पार्टिसिपेंट' नहीं, बल्कि 'शेपिंग पावर' बनता जा रहा है।

# संघ समाज के साथ है मगर राजनीति से दूर है, मोहन भागवत के तीन दिवसीय संबोधन ने दिये कई संदेश

//नीरज कुमार दुबे//

**भागवत का संदेश साफ है- राजनीति से दूरी रखते हुए वैचारिक मार्गदर्शन, समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता, तकनीक और शिक्षा के नए युग में भारतीय दृष्टि का समावेश और विश्व स्तर पर आत्मनिर्भर लेकिन सहयोगी भारत की परिकल्पना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना को एक शताब्दी पूरी होने जा रही है। यह अवसर केवल आत्ममंथन का नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का भी है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लगातार तीन दिनों तक इसी संदर्भ में अपने विचार रखे। उनके वक्तव्य में अतीत का आत्मविश्वास भी था और भविष्य की चिंता भी। तीन दिवसीय कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने न केवल संगठन के अतीत और उपलब्धियों की समीक्षा की, बल्कि भविष्य की रूपरेखा और समसामयिक प्रश्नों के उत्तर भी दिए। भागवत का वक्तव्य इस बात पर केंद्रित था कि संघ मात्र एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन नहीं है, बल्कि भारतीय समाज के विकास, संतुलन और दिशा निर्धारण का सहभागी भी है।**




इसके अलावा, अक्सर यह प्रश्न उठता है कि बीजेपी की राजनीति और आरएसएस का मार्गदर्शन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। लेकिन भागवत ने स्पष्ट किया कि हम विशेषज्ञ अपनी शाखा में हैं, वे सरकार चलाने में विशेषज्ञ हैं। हम सुझाव दे सकते हैं, निर्णय उनका है। देखा जाये तो यह कथन राजनीतिक हस्तक्षेप की आशंकाओं को खारिज करता है और संघ की भूमिका को वैचारिक मार्गदर्शक तक सीमित बताता है। अगर हम तय करते, तो बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव में इतनी देर क्यों होती। –यह टिप्पणी संघ और सत्ता के बीच के संबंधों पर एक रोचक संदेश देती है।

इसके अलावा, संघ प्रमुख ने दो टूक कहा कि जब तक समाज के वंचित वर्ग स्वयं महसूस न करें कि उन्हें विशेष अवसर की आवश्यकता नहीं है, तब तक संघ आरक्षण का समर्थन करता रहेगा। उन्होंने जाति-आधारित विभाजन को अप्रासंगिक बताते हुए कहा कि ऊपर वाले हाथ बढ़ाएं और नीचे वाले आगे बढ़ने की कोशिश करें। यह दृष्टिकोण भारतीय समाज के भीतर असमानताओं को पाटने के संघीय दृष्टिकोण को सामने रखता है। साथ ही, भागवत का हर परिवार को तीन बच्चे वाला बयान जनसंख्या नियंत्रण की बहस में नया मोड़ लाता है। उनका कहना था कि 2.1 की औसत जन्मदर को व्यवहारिक रूप में तीन बच्चों के रूप में देखा जाना चाहिए। हालांकि साथ ही उन्होंने संसाधनों के संतुलन और प्रबंधन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

इसके अलावा, धर्म को व्यक्तिगत विकल्प बताते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू और मुस्लिम को एक करने की बात ही क्यों, वे पहले से एक हैं– भारतीय हैं। भागवत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस्लाम भारत में रहेगा और कोई हिंदू ऐसा सोच ही नहीं सकता कि इसे समाप्त होना चाहिए। लेकिन उन्होंने आक्रांताओं के नाम पर जगहों और सड़कों के नामकरण पर आपत्ति जताई और प्रेरणादायी व्यक्तित्वों– जैसे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर नामकरण का सुझाव दिया। साथ ही अवैध प्रवास और जबरन धर्मांतरण को उन्होंने जनसांख्यिकीय असंतुलन की जड़ बताया। उनका तर्क था कि नागरिकों– हिंदू या मुस्लिम को रोजगार और अवसर मिलने चाहिए, लेकिन अवैध प्रवासियों को नहीं। इस दृष्टिकोण में राष्ट्रहित और मानवता दोनों का संतुलन झलकता है।

इसके अलावा, भागवत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक के अवसरों और खतरों पर चर्चा करते हुए कहा कि ÷तकनीक का मालिक इंसान होना चाहिए, न कि तकनीक इंसान की नियति तय करे। शिक्षा केवल सूचनाओं का ढेर नहीं बल्कि मनुष्य निर्माण का साधन होनी चाहिए। नई शिक्षा नीति में इन बातों के समावेश की आवश्यकता पर उन्होंने बल दिया।

अमेरिकी दबाव की पृष्ठभूमि में उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार जरूरी है, लेकिन मित्रता दबाव में नहीं पनप सकती। आत्मनिर्भरता और पारस्परिक निर्भरता दोनों का संतुलन बनाना भारत की विदेश नीति का आधार होना चाहिए।देखा जाये तो मोहन भागवत का यह वक्तव्य संघ की 100 वर्षों की यात्रा से आगे के 100 वर्षों की झलक प्रस्तुत करता है। यह यात्रा केवल संगठन की नहीं, बल्कि भारतीय समाज की भी है– जहाँ परंपरा और आधुनिकता, आध्यात्म और विज्ञान, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय हित–सबको जोड़ने का प्रयास है। भागवत का संदेश साफ है- राजनीति से दूरी रखते हुए वैचारिक मार्गदर्शन, समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता, तकनीक और शिक्षा के नए युग में भारतीय दृष्टि का समावेश और विश्व स्तर पर आत्मनिर्भर लेकिन सहयोगी भारत की परिकल्पना। बहरहाल, संघ की शताब्दी केवल एक संगठन की यात्रा नहीं है, बल्कि भारतीय समाज के विकास और बदलाव की गवाही भी है। मोहन भागवत का संदेश यही था कि आने वाले समय में संघ राजनीति से परे, समाज और राष्ट्र निर्माण की भूमिका निभाता रहेगा। प्रश्न यह है कि क्या संघ आने वाली पीढ़ियों को उस समन्वय और आधुनिक दृष्टि से जोड़ पाएगा, जिसकी झलक भागवत ने दिखाई है। यदि हाँ, तो संघ की दूसरी शताब्दी न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में उसकी प्रासंगिकता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकती है।

## तस्वीरों की दुनिया



नई दिल्ली के विनोद नगर इलाके में भारी बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क पर फंसे वाहन।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जापान के टोक्यो में भारत-जापान आर्थिक मंच के दौरान अपने जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के साथ।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती (राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है) पर आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य के पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि वितरित करते हुए।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।



नई दिल्ली में भैरव मंदिर के पास भारी बारिश के बाद जलभराव वाले अंडरपास से गुजरते यात्री।



कार्यकर्ता मनोज जारंगे पाटिल के समर्थक मुंबई के आजाद मैदान में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर विरोध रैली के लिए एकत्र हुए।

### अमेरिकी कंपनी जेफरीज ने किया सनसनीखेज दावा

# ट्रंप को भारत से श्रेय नहीं मिला तो थोप दिया मनमाना टैरिफ



**नईदिल्ली, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

अमेरिकी दिग्गज निवेश कंपनी जेफरीज ने दावा किया है कि भारत पर थोपा गया बेतहाशा टैरिफ ट्रंप की निजी खुन्नस का परिणाम है, जो अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के लिए घातक है। कंपनी के मुताबिक ट्रंप का ये कदम उनके वैचारिक दिवालियापन का सटीक उदाहरण है। बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी जेफरीज के मुताबिक इस साल अप्रैल में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए चार दिन के सैन्य संघर्ष में भारत ने लगातार ये रुख बनाए रखा कि वह पाकिस्तान के साथ अपने विवादों में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करता है।इससे ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चली आ रही दुश्मनी खत्म कराने से वंचित रह गए। इससे ट्रंप को अपनी अंतरराष्ट्रीय छवि मजबूत करने और संभावित रूप से नोबेल शांति पुरस्कार जीतने का मौका नहीं मिल सका। जेफरीज की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप की नाराजगी के लिए दूसरा मुद्दा बना भारत का कृषि बाजार को आयात के लिए न खोलना। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 25 करोड़ किसान और संबंधित मजदूर अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं, और यह क्षेत्र भारत के लगभग 40 प्रतिशत कार्यबल का हिस्सा है। इसलिए भारत सरकार अमेरिका के लिए कृषि बाजार नहीं खोल सकती है।जेफरीज ने अपने विश्लेषण में इस घटनाक्रम को वाशिंगटन में वैचारिक दिवालियापन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। साथ ही चेतावनी दी है कि ऐसे निर्णय अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप नहीं हैं।

रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि भारत को दूर धकेलने से वह चीन के करीब आ सकता है, और इस ओर इशारा किया कि पांच साल से अधिक समय के बाद सितंबर में दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू हो रही हैं।अमेरिकी अर्थशास्त्री रिचर्ड वोल्फ ने कहा कि अमेरिका भारत के खिलाफ दुनिया के दबंग की तरह व्यवहार कर रहा है, लेकिन ऐसा करके वह अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मार रहा है। भारत को धमकाने से वह ब्रिक्स को पश्चिमी देशों के लिए एक आर्थिक विकल्प बनने की दिशा में धकेल रहा है।उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा देश है। अमेरिका का भारत को यह बताना कि उसे क्या करना चाहिए, एक चूहे का हाथी को मुक्का मारने जैसा है। रूस टुडे को एक इंटरव्यू में वोल्फ ने कहा कि अगर अमेरिका भारत के लिए अपने दरवाजे बंद कर देता है, तो भारत को अपने निर्यात बेचने के लिए अन्य जगहें मिल जाएंगी, और इस कदम से केवल ब्रिक्स देशों को मजबूती मिलेगी।

# सुबह सोकर उठे तो पानी से घिरे... 84 घंटों से छतों पर गुजर रही जिंदग

### 37 साल में नहीं दिखा ऐसा मंजर



**अजनाला।** कुदरत का कहर बाढ़ के पानी के रूप में ऐसा आया कि सबकुछ तबाह हो गया। विधानसभा हलका अजनाला के रमदास सेक्टर के 45 गांवों में रात को सोये लोग सुबह पानी से घिरे पाए गए। वर्षों की मेहनत से बने घर पानी में डूब गए हैं। सामान के साथ पाले पशु भी बह गए। गांवों में सात-सात फीट तक पानी भरा है। पिछले 84 घंटे से लोग छतों पर जीवन बसर कर रहे हैं। पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। बाढ़ से पहले घरों की टंकियों में भरे पानी से प्यास बुझाई जा रही है। जीवन अभी तक बचे हुए राशन से चल रहा है।रावी दरिया का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। रावी दरिया पर बने तटबंधों के टूटने से रमदास सेक्टर के बार्डर से 24 किलोमीटर तक पानी अंदर तक घुस आया है। 45 गांव पानी-पानी हो गए हैं। 37 साल बाद ऐसा तबाही का मंजर देखने को मिला है।इससे पहले 1988 में ऐसे हालात बने थे। यही वजह है कि लोग इसके लिए तैयार नहीं थे। 25 अगस्त को पानी चढ़ना शुरू हुआ तो प्रशासनिक सिस्टम अलर्ट हो गया, लेकिन इससे पहले कुछ कर पाते, पानी का बहाव इतना तेज हुआ कि गांवों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया।जिन 14 गांवों को हाई अलर्ट पर रखा गया था, रात होते-होते उनमें पानी घुस आया और पांच से सात फीट तक पानी भर गया। ऐसे में ग्रामीणों के लिए पलायन करना भी मुश्किल हो गया। राहत पहुंचाने के प्रयास जारी हैं, लेकिन बार्डर पर कई गांव ऐसे हैं, जहां राहत सामग्री नहीं पहुंच पाई है। सामान व पशु बह गए, राशन में भी नाममात्र का बचा अजनाला हलके में बाढ़ के पानी की वजह से हालात गंभीर हैं। इन 45 गांवों में फंसे 60 से 70 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के प्रयास जारी हैं। लोग छतों पर तिरपाल के सहारे जीवन बसर कर रहे हैं। जिनके पास तिरपाल नहीं है, वे खुले आसमान के नीचे रह रहे हैं। रात भर मच्छर काटते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

गांव नंगल सोहली के सुखविंदर, साहिब जीत और जसपाल सिंह ने बताया कि गांव में छह से सात फुट तक पानी भरा हुआ है। ऊंचे घरों में लोग टेंट या तिरपाल लगाकर रह रहे हैं। सामान और पशु बह गए हैं, और राशन में भी नाममात्र का बचा है। वीरवार को पानी गग्गो माहल में दाखिल हो गया और शुक्रवार को पानी उससे आगे बढ़ गया। अजनाला सिटी के लोगों में भय है कि अगर बहाव कम न हुआ तो प्रापर अजनाला भी पानी की चपेट में आ जाएगा।

# हरियाणा में महिलाओं के लिए सम्मान भत्ता को विधायकों ने सराहा, नायब सरकार ने 2100 रुपये देने का किया ऐलान

**चंडीगढ़, 30 अगस्त [एजेंसी]।**



हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के लिए 2100 रुपये मासिक सम्मान भत्ता लागू किए जाने के फैसले से महिला विधायक और महिला मंत्री खुश हैं। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को 25 सितंबर से लागू करने का फैसला मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया है। हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि सरकार का यह फैसला समूची नारी जाति के लिए सम्मान व गर्व का विषय है। इससे पहले किसी भी सरकार ने इस बारे में नहीं सोचा। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लेकर यह साबित कर दिया है कि भाजपा महिलाओं को सम्मान देती है। राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा ने कहा कि पूर्व की सरकारों द्वारा महिलाओं को केवल वोट बैंक समझा गया है। इस फैसले ने साबित कर दिया है कि भाजपा बिना किसी राजनीतिक उद्देश्य के समाज के हर वर्ग के बारे में सोचती है।

कालका की भाजपा विधायक शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि सरकार का यह फैसला ग्रामीण अंचल की महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करेगा। राई की भाजपा विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हरियाणा में जब-जब महिलाओं की बात होगी, तब-तब मुख्यमंत्री नायब सैनी के ऐतिहासिक फैसले को याद किया जाएगा। पटौदी की भाजपा विधायक बिमला चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। आज हरियाणा में कोई चुनाव नहीं है। हरियाणा के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी सरकार ने पहले ही साल में अपनी सबसे बड़ी चुनावी घोषणा को लागू किया है।

## इजरायली हमले में यमन के रक्षा मंत्री और सैन्य प्रमुख की मौत, हूती संगठन ने साधी चुप्पी


**अदन।** इजरायल की वायुसेना ने गुरुवार को यमन की राजधानी सना के महत्वपूर्ण ठिकानों पर हवाई हमला किया था। इजरायल ने बताया है कि हमले में यमन के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा किए हूती संगठन के सैन्य प्रमुख और रक्षा मंत्री को भी निशाना बनाया गया था। अभी तक हूती और सना में हुए नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है।लेकिन यमन की सरकार में रॉयटर के सूत्रों के अनुसार इजरायली हमले में हूती सरकार के रक्षा मंत्री असद अल-शरकाबी की मौत हो गई है। इसी प्रकार से हूती के सैन्य प्रमुख अब्द अल-करीम अल-घामरी भी मारे गए हैं। इजरायल के हमले और उससे हुए नुकसान पर हूती संगठन ने कोई बयान जारी नहीं किया है और न ही इस सिलसिले में पूछे गए सवाल का जवाब दिया है।इजरायली वायुसेना ने कहा है कि लड़ाकू विमानों ने सना के उस परिसर को निशाना बनाया था जहां पर हूती संगठन के प्रमुख लोग एकत्रित थे।

## रांची में पोक्सो मामले में कोचिंग संचालक बरी अदालत ने किसे बनाया फैसले का आधार



**रांची।** पोक्सो की विशेष अदालत ने शुक्रवार को नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म और ब्लैकमेल के आरोपित कोचिंग संचालक पशुपति नाथ कुशवाहा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सूजय दयाल ने मामले में अदालत में पक्ष रखा।बताया कि आरोपित रातू के रवि स्टील, झिरी रोड के पास कुशवाहा कोचिंग सेंटर चलाता था। उस पर नाबालिग छात्राओं के साथ दुष्कर्म कर उनके अश्लील वीडियो बनाने और फिर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया गया था। उन पर घर से जेवर और पैसे लाने का दबाव डालने के भी आरोप लगा था। प्रकरण का खुलासा तब हुआ जब दो छात्राओं ने अपने अभिभावकों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद अभिभावकों ने ग्रामीणों के साथ छह जून 2023 को कोचिंग सेंटर पहुंचकर हंगामा किया था। मामला पुलिस तक पहुंचा और प्राथमिकी दर्ज की गई।अदालत में इस मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने नौ गवाहों को पेश किया, जबकि बचाव पक्ष की ओर से दो गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। दोनों पक्षों की बहस सुनने और साक्ष्य का अवलोकन करने के बाद अदालत ने निर्णय सुनाया।

## शख्स को टक्कर मार कुएं में गिरी तेज रफ्तार कार, 5 लोगों की मौत




**जालना, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के जालना में एक कार 70 फीट गहरे कुएं में गिर गई। इस हादसे में कार में सवार 5 लोगों की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह भोकरदन-जाफराबाद रोड पर गड़ेगव्हान गांव में हुई। बताया जा रहा है कि कार छत्रपति संभाजीनगर से जाफराबाद की ओर आ रही थी।तेज रफ्तार कार ने सबसे पहले मॉर्निंग वॉक पर निकले एक स्थानीय निवासी को टक्कर मारी, जो इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद कार सड़क से उतरकर एक कुएं में जा गिरी। मृतकों की पहचानपद्माबाई भांबरे, ज्ञानेश्वर भांबरे, ज्ञानेश्वर डाकले, निर्मला डाकले और अजिनाथ भांबरे के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। दमकल विभाग और जिला आपदा प्रबंधन की इकाई को भी सूचना दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि कई घंटों तक चले मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला गया।कार को बाहर निकालने के लिए क्रेन का सहारा लिया गा। बताया जा रहा है कि 70 फीट गहरे कुएं में लगभग 60 फीट पानी भरा हुआ था। इस कारण राहत-बचाव कार्य करने में काफी मुश्किल आई। मामले की जांच की जा रही है।

# दहेज प्रताड़ना की आरोपी सास सुप्रीम कोर्ट से बरी अदालत ने पलटा उत्तराखंड हाईकोर्ट का फैसला



**नईदिल्ली, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महिला को बरी करते हुए कहा कि सास-ससुर द्वारा दहेज के लिए बहू को प्रताड़ित करने की बात हवा से भी तेज फैलती है। इस महिला पर अपनी बहू को क्रुरता का शिकार बनाने का आरोप था।न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के उस फैसले को पलटते हुए ये फैसला सुनाया, जिसने सास को दोषी पाते हुए तीन साल की सजा बरकरार रखी थी। महिला ने अपनी मृत्यु से पूर्व स्वजनों से कहा था कि ससुराल पक्ष उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा है।हालांकि, शीर्ष अदालत ने कहा कि गवाह के तौर पर पेश हुई अपीलकर्ता की पड़ोसी ने दावा किया कि ससुराल पक्ष ने कभी कोई दहेज की मांग नहीं की।

पीठ ने कहा, उसकी गवाही को ट्रायल कोर्ट और उच्च न्यायालय ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि वह दहेज की मांग के संबंध में कोई तथ्य नहीं बता सकती, क्योंकि यह चार दीवारों के भीतर होता है। यह एक गलत निष्कर्ष है, खासकर ऐसे मामलों में जहां दहेज के लिए बहू को प्रताड़ित करने की बात हवा से भी तेज फैलती है। मृतका के पिता ने जून 2001 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी ससुराल में मृत पाई गई थी। आरोप था कि उसकी मृत्यु के समय वह गर्भवती थी और वह बताया करती थी कि उसकी सास दहेज के लिए उसे ताने मारती थी। ट्रायल कोर्ट ने माना था कि महिला की मौत उत्पीड़न के कारण आत्महत्या से हुई थी। सास ने उच्च न्यायालय का रुख किया, जिसने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था।सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई की बांद्रा परिवार अदालत को एक हाईप्रोफाइल तलाक के मामले को तीन महीने में निपटाने को कहा है।

बता दें कि उद्योगपति जयदेव श्रॉफ और उनकी पत्नी पूनम जयदेव श्रॉफ के बीच तलाक का मामला एक दशक से चल रहा है।प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया और आरोक अराधे की पीठ ने कहा कि तलाक के मामलों पर निर्णय लेने के लिए नौ महीने काफी होते हैं। शीर्ष अदालत ने गौर किया कि ये मामला 2015 से लंबित है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अगर कोई पक्ष कार्यवाही में देर करता है तो उसके खिलाफ प्रतिकूल निष्कर्ष निकाला जा सकता है।

## दोस्ती तोड़ने पर प्रेमिका की गला रेतकर हत्या युवती से पढ़ाई छोड़ने की बोल रहा था सिरफिरा



**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में संबंध तोड़ने से गुस्साए युवक ने चाकू से अपनी पूर्व प्रेमिका का गला काट दिया। पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित युवती के पड़ोस में ही रहता था। युवती गांधीधाम से भुज आकर कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी।पुलिस के अनुसार, छात्रा साक्षी भानुशाली कॉलेज से हॉस्टल जा रही थी। इसी दौरान मोहित सिद्धपरा अपने मित्र जयेश ठाकोर के साथ मोटरसाइकिल से उसके पास पहुंचा। वह इंटरनेट मीडिया पर अनफॉलो करने से नाराज था। वह साक्षी से पढ़ाई छोड़कर वापस गांव लौटने की जिद कर रहा था।उसके इस प्रस्ताव को युवती ने ठुकरा दिया। इससे नाराज मोहित ने चाकू से युवती का गला काट दिया। युवती को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सहमति से तलाक लेने के लिए मैरिज रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जमा कराना अनिवार्य नहीं : इलाहाबाद हाई कोर्ट



**प्रयागराज, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि भले ही विवाह पंजीकृत नहीं है, लेकिन यदि दोनों पक्ष उसके अस्तित्व को स्वीकार करते हैं तो हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत आपसी सहमति से तलाक की कार्यवाही में ट्रायल कोर्ट विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र जमा करने पर जोर नहीं दे सकता।इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने आजमगढ़ की फैमिली कोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया है जिसमें प्रमाण पत्र दाखिल करने की आवश्यकता से छूट देने की अर्जी खारिज कर दी गई थी। दंपती ने 23 अक्टूबर 2024 को सहमति से तलाक के लिए संयुक्त रूप से याचिका दायर की थी। फैमिली कोर्ट ने पक्षकारों से विवाह प्रमाण पत्र मांगा। याची ने पती के समर्थन से अर्जी देकर कहा कि प्रमाण पत्र नहीं है क्योंकि उनका विवाह पंजीकृत नहीं हुआ था।फैमिली कोर्ट ने आवेदन को हिंदू विवाह और तलाक नियम 1956 के नियम 3(ए) का हवाला देते हुए खारिज कर दिया था। कहा था कि विवाह प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य प्रक्रियात्मक आवश्यकता है। इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई।याची के वकील ने तर्क दिया कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा आठ विवाह के पंजीकरण का प्रावधान तो करती है लेकिन पंजीकरण के अभाव में विवाह अमान्य नहीं करती। उत्तर प्रदेश विवाह पंजीकरण नियमावली 2017 भी नियम 6 के तहत यह स्पष्ट करती है कि सिर्फ इसलिए कि विवाह पंजीकृत नहीं था उसे अवैध नहीं माना जाएगा।न्यायालय ने कहा, 'जहां राज्य के नियम पंजीकरण को अनिवार्य बनाते हैं, वहां भी पंजीकरण के अभाव में विवाह को अमान्य घोषित करने वाला कोई नियम नहीं हो सकता। इस स्थिति को उत्तर प्रदेश विवाह पंजीकरण नियमावली 2017 के नियम 6 (2) से समर्थन मिलता है।

' कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण प्रमाण पत्र दाखिल करने की आवश्यकता केवल उन मामलों में है जहां विवाह अधिनियम की धारा 8 के तहत पंजीकृत है।स्वीकार्य रूप से इस मामले में 2010 में संपन्न हुआ विवाह पंजीकृत नहीं है और इसलिए पंजीकरण प्रमाण पत्र दाखिल करने की कोई आवश्यकता नहीं है। हाई कोर्ट ने माना कि फैमिली कोर्ट का विवाह प्रमाण पत्र दाखिल करने पर जोर देना पूरी तरह से अनुचित था, खासकर जब विवाह के तथ्य पर कोई विवाद नहीं था और इसे आपसी सहमति याचिका में दोनों पक्षों द्वारा स्वीकार किया गया था। फैमिली कोर्ट को प्रकरण में कानून के अनुसार शीघ्र निर्णय लेने का निर्देश भी दिया गया है।

## कर्ज में डूबा था इसलिए लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर मांगी 25 लाख की फिरौती, पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम पर एक व्यवसायी से 25 लाख रुपये और एक किलोग्राम सोना मांगने वाले आरोपित को एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोरेगांव पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने आरोपित की पहचान तेजस शेलार के रूप में की है। ऑनलाइन गेम की लत के कारण उस पर तीन लाख रुपये का कर्ज हो गया था। उसने एक केमिकल फैक्ट्री के मालिक को कई बार फोन किया। उसे बताया कि उसके घर, ऑफिस और फैक्ट्री पर गिरोह की नजर है। उसने व्यवसायी से 25 लाख रुपये और एक किलोग्राम सोना मांगा। व्यवसायी ने पुलिस से संपर्क कर एफआइआर दर्ज कराई। एफआईआर दर्ज होने के 18 घंटे के भीतर शेलार को अंबरनाथ से गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपना अपराध कुबूल कर लिया है।

## 21 बार स्थगित हुई जमानत याचिका पर सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के रवैये पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** जमानत के एक मामले को इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा 21 बार स्थगित किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गहरी नाराजगी जताई। साथ ही हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से इस मामले पर गौर करने का अनुरोध किया।प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस एनवी अंजारिया और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने कहा, हम बार-बार कहते रहे हैं कि नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई और फैसला जल्द से जल्द होना चाहिए। पीठ कुलदीप नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।उसके वकील का कहना था कि हाई कोर्ट में उसकी जमानत याचिका पर सुनवाई 21 बार स्थगित की गई है और मामले की सुनवाई दो महीने बाद की जाएगी। वकील ने हाल के एक मामले का जिक्र किया जिसमें शीर्ष अदालत ने एक अभियुक्त को जमानत दे दी थी क्योंकि उसकी याचिका पर सुनवाई 43 बार स्थगित हो चुकी थी।

## ट्रंप के टैरिफ की कैसे करें भरपाई, मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने दिया ये फॉर्मूला




**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि भारत की घरेलू खपत वृद्धि अमेरिकी टैरिफ-संबंधी नुकसान की भरपाई कर सकती है, यही वजह है कि वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी अनुमानों में कोई कमी नहीं की गई है। सीईए ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, पहली तिमाही में विकास की मजबूती और जुलाई के आंकड़ों को देखते हुए, हम पूरे वर्ष के लिए अपनी विकास सीमा बनाए रख रहे हैं। उनसे पूछा गया था कि क्या उन्हें लगता है कि भारतीय घरेलू बाजार अमेरिकी टैरिफ की भरपाई कर पाएंगे।उन्होंने आगे कहा, क्या खपत वृद्धि या अपेक्षा से अधिक जीडीपी वृद्धि टैरिफ-संबंधी नकारात्मक प्रभावों की भरपाई कर पाएगी। इसका उत्तर हां है, यही वजह है कि हमने कहा कि हम साल 2025-26 के लिए अपने विकास अनुमान को कम नहीं कर रहे हैं। हमने सीमा को 6.3-6.8 प्रतिशत पर रखा है। टैरिफ लगाए जाने के बावजूद, यह आपको पर्याप्त संकेत देता है।31 जनवरी को संसद में पेश 2024-25 के आर्थिक सर्वेक्षण में, 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया था।भविष्य के बारे में बोलते हुए, मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि जुलाई 2025 के हाई फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स पहली तिमाही की आर्थिक गति को आगे ले जाने का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा, त्योहारों की शुरुआत और जीएसटी दरों में होने वाले बदलावों के साथ आगामी तिमाहियों में घरेलू मांग में मजबूती आने की उम्मीद है। सामान्य से अधिक वर्षा, पर्याप्त बफर स्टॉक और कृषि के लिए बेहतर उत्पादन संभावनाओं के कारण अधिक खरीफ बुवाई से खाद्य मुद्रास्फीति के नरम बने रहने की उम्मीद है।

नागेश्वरन के अनुसार, एसएंडपी द्वारा सॉवरेन रेटिंग को बीबीबी में अपग्रेड करना, मजबूत मैक्रो प्रदर्शन की एक उचित मान्यता है और भारत के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों का संकेत है। अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए टास्क फोर्स, आगामी जीएसटी बदलाव, राज्य विनियमन में ढील और ब्याज दरों में ढील से उधारी लागत कम होने, पूंजी आकर्षित होने और उपभोग एवं निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। 6.3 प्रतिशत - 6.8 प्रतिशत के विकास पूर्वानुमान में फिलहाल कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि टैरिफ संबंधी अनिश्चितताओं के कारण आर्थिक गतिविधियों, मुख्यतः निर्यात और पूंजी निर्माण के लिए निकट भविष्य में जोखिम बने हुए हैं।

## निया शर्मा के दांत तो मोतियों जैसे चमकते हैं! अभिनेत्री ने खोला इसका राज



अदाकारा निया शर्मा अपने बोल्ड लुक्स को लेकर अक्सर सोशल मीडिया में छाई रहती हैं। इनकी खूबसूरती के दीवाने भी कम नहीं हैं। अभिनेत्री की सुंदरता बढ़ाने में उनके मोतियों जैसे दांतों का भी पूरा योगदान है। निया ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो अपलोड कर बताया कि आखिर ये मुमकिन कैसे हुआ?

वीडियो में अभिनेत्री कह रही हैं, आज मैं घरेलू नुस्खे से अपने दांत साफ करने जा रही हूं, जो कि मैंने इंस्टाग्राम से सीखा है। वीडियो में पहले अभिनेत्री ने दांतों पर हल्के दाग दिखाए और फिर कई सामग्रियों, जिनमें बेकिंग सोडा, नमक, नींबू, नारियल तेल, और टूथपेस्ट को मिलाकर तैयार किया है।

इस मिश्रण को अभिनेत्री ने अपने दांतों पर लगाया और कुछ मिनट इंतजार करने के बाद ब्रश किया। निया ने अपने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा, मेरा जीवन पूरी तरह से घरेलू नुस्खों में बीत रहा है। पहले मैंने अपने दांतों की सफेदी पर ध्यान नहीं दिया था (क्योंकि वे अभी तक सफेद दिखते थे), लेकिन 5000 इंस्टाग्राम वीडियो देखने के बाद मैंने इसे आजमाया है।

प्रशंसकों को निया का ये वीडियो काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, आपको यूट्यूब चैनल बनाना चाहिए-निया के नुस्खे, दूसरे ने लिखा, ग्रेट हैक, और एक और अन्य यूजर ने लिखा, बेकिंग सोडा एक्सपेरिमेंट।

निया शर्मा हमेशा से ही त्वचा और छोटी-मोटी समस्याओं के लिए घरेलू नुस्खों को आजमाने में रुचि रखती हैं। अभिनेत्री केमिकल युक्त उत्पादों की बजाय प्राकृतिक तरीकों को अपनाने को भी प्राथमिकता देती हैं और इसे लेकर ब्यूटी टिप्स भी देती हैं।

हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें डार्क सर्कल्स को खत्म करने के लिए घरेलू नुस्खा बताया था। वीडियो में अभिनेत्री बेसन समेत काफी, चावल का पानी, हल्दी और थोड़ा शहद को सही अनुपात में लेकर एक पेस्ट बनाकर अप्लाई करती हैं।

निया ने इस पैक को सिर्फ डार्क सर्कल्स पर ही नहीं बल्कि अपने पूरे चेहरे पर लगाया। अभिनेत्री ने इसके कैप्शन में लिखा, हर सुबह जब मैं रातभर 5000 स्किनकेयर और डिटाक्स ड्रिंक की रील्स देखकर उठती हूं (इतना सब करने के लिए जिंदगी में वाकई बहुत फुर्सत चाहिए), फिलहाल तो काफी, बेसन, शहद और हल्दी वाला फेस मास्क ही लगा रही हूं!

# रसोई को तेजी से साफ करने के लिए अपनाएं ये 5 सरल तरीके



रसोई घर का सबसे अहम हिस्सा होती है और इसे साफ-सुथरा रखना बहुत जरूरी है। हालांकि, कई बार काम की व्यस्तता के कारण हम रसोई की सफाई पर ध्यान नहीं दे पाते। ऐसे में कुछ आसान और प्रभावी तरीकों को अपनाकर आप अपनी रसोई को जल्दी और आसानी से साफ कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देंगे, जिनसे आपकी रसोई हमेशा चमकती रहेगी और सफाई में ज्यादा समय भी नहीं लगेगा।

**बिखरे सामानों को व्यवस्थित करें**

सबसे पहले अपनी रसोई में फैले हुए सभी सामानों को एक जगह इकट्ठा करें। इससे आपको यह पता चलेगा कि कौन-कौन से सामान जगह पर नहीं रखे गए हैं और उन्हें कहां-कहां रखना है। इससे समय की बचत होगी और रसोई की सफाई भी जल्दी होगी। इसके बाद बर्तनों को धोकर सही जगह पर रखें और अन्य सामान को भी उनके निर्धारित स्थान पर रखें ताकि रसोई व्यवस्थित दिखे।

**सतहों को साफ करें**

रसोई की सतहें जैसे काउंटरटाप्स, चूल्हा और सिंक आदि को साफ करना बहुत जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले एक गीले कपड़े से इन सभी सतहों को पोंछ लें। इसके बाद किसी अच्छे सफाई के लिए उपयोगी तरल का उपयोग करके इनकी सफाई करें। अगर आपके पास यह नहीं है तो आप नींबू के रस और पानी का मिश्रण बनाकर भी इनकी सफाई कर सकते हैं। यह मिश्रण न केवल सफाई करेगा बल्कि कीटाणुओं को भी खत्म करेगा।

**बर्तनों को धोएं**

बर्तनों को धोना रसोई की सबसे अहम जिम्मेदारियों में से एक है। इसके लिए पहले गर्म पानी में बर्तनों की सफाई के लिए उपयोगी तरल मिलाकर एक घोल तैयार करें, फिर इसमें बर्तनों को डालकर थोड़ी देर छोड़ दें ताकि गंदगी ढीली हो जाए।

इसके बाद एक स्पंज या ब्रश की मदद से बर्तनों को अच्छे से रगड़ें और साफ पानी से धो लें। अंत में बर्तनों को सूखे कपड़े से पोंछकर धूप में सुखाने के लिए रख दें।

**फर्श की सफाई करें**

रसोई के फर्श की सफाई करना भी बहुत जरूरी है क्योंकि यहां गंदगी सबसे ज्यादा होती है। इसके लिए पहले किसी झाड़ू या वैक्यूम की मदद से रसोई के फर्श को अच्छे से साफ करें ताकि सारी धूल-मिट्टी हट जाए। इसके बाद गंदे फर्श पर पानी डालकर कुछ देर छोड़ दें, फिर किसी साफ कपड़े या झाड़ू की मदद से उसे पोंछ लें। इससे आपका रसोई का फर्श चमक उठेगा।

**कचरा निकालें**


रसोई से कचरा निकालना बहुत अहम है ताकि कीटाणुओं का खतरा कम हो सके। इसके लिए पहले रसोई में लगे हुए कूड़ेदान को चेक करें कि उसमें कितना कचरा भरा हुआ है। अगर वह भर गया हो तो उसमें भरे हुए कचरे को बाहर निकालकर उसे किसी खुले स्थान पर रखें ताकि उसे आसानी से फेंका जा सके। इस तरह इन पांच आसान तरीकों को अपनाकर आप अपनी रसोई को जल्दी और प्रभावी ढंग से साफ रख सकते हैं।



लापता लेडीज की फूल का ग्लैमरस लुक वायरल, ब्लैक ऑफ-शोल्डर गाउन में बटरफ्लाई सी इतराईं नितांशी गोयल

कम उम्र में ही अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुकीं एक्ट्रेस नितांशी गोयल एक बार फिर सुर्खियों में हैं।

## चमकदार-घने बालों के लिए महंगे-महंगे हेयर ट्रीटमेंट्स की जरूरत नहीं, घर पर ऐसे बनाएं सीरम



लंबे और घने बालों के लिए लोग अक्सर महंगे-महंगे हेयर प्रोडक्ट्स पर अच्छे खासे पैसे खर्च करते हैं। लेकिन अगर आप चाहें, तो घर पर ही एक हेयर सीरम की रेसिपी को फालो कर अपने बालों को लंबा, घना और शाइनी बना सकते हैं। इस हेयर सीरम को बनाना बेहद आसान है और सबसे अच्छी बात ये है कि इस हेयर सीरम को बनाने के लिए आपको किसी भी तरह के हार्ष केमिकल का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है।

**कैसे बनाएं हेयर सीरम?**-घर पर हेयर सीरम बनाने के लिए आप एलोवेरा जेल और नारियल के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। दोनों ही चीजों में पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। सबसे पहले एक कटोरी में दो स्पून एलोवेरा जेल निकाल लीजिए। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए फ्रेश एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कीजिए। अब इसी कटोरी में एक स्पून नारियल के तेल को मिला लीजिए।

**इस्तेमाल करने का तरीका**- हेयर सीरम को लगाने के लिए सबसे पहले हेयर वाश के बाद अपने बालों को तौलिए से सुखा लीजिए। अब अपनी हथेली पर सीरम की कुछ बूंदें निकाल लीजिए और बीच से लेकर सिरों तक अप्लाई कर लीजिए। अब आप चौड़ी दांतों वाली कंघी से अपने बालों को सुलझा सकते हैं। बालों के डीप नरिशमेंट के लिए आप इस हेयर सीरम का इस्तेमाल कर सकते हैं। रूखे और बेजान बालों से छुटकारा पाने के लिए भी इस हेयर सीरम को यूज किया जा सकता है। एलोवेरा जेल और नारियल के तेल में पाए जाने वाले तत्व आपके बालों को चमकदार बनाने में भी मददगार साबित हो सकते हैं।

## मनीष मल्होत्रा की डिजाइनर साड़ी पहने लालबागचा राजा के दर्शन के लिए पहुंची जान्हवी कपूर



बालीवुड में भी गणपति बप्पा की धूम चारों ओर छाई हुई है। हर साल की तरह इस बार भी सितारे बप्पा के दर्शन के लिए अलग-अलग मंदिरों में पहुंच रहे हैं। बड़े-बड़े सेलेब्स लालबागचा राजा के दरबार में दर्शन के लिए आ रहे हैं, और अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स की सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

इसी बीच गुरुवार को एक खास नजारा देखने को मिला, जब बालीवुड की खूबसूरत अदाकारा जान्हवी कपूर और एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने लालबागचा राजा के दरबार में हाजिरी लगाई। दोनों ने अपनी अपकमिंग फिल्म परम सुंदरी की सफलता की कामना करते हुए गणपति बप्पा से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर जान्हवी कपूर के लुक ने सबका ध्यान खींचा।

जान्हवी कपूर ने इस खास मौके की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर भी साझा की हैं। इन तस्वीरों में जान्हवी बेहद खूबसूरत रेड कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। इस साड़ी का चौड़ा गोल्डन बार्डर और उस पर बने सुंदर फूलों के प्रिंट उनकी खूबसूरती को और निखार रहे हैं।

यह खास साड़ी किसी और ने नहीं बल्कि बालीवुड के फेमस फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन की है। जान्हवी ने इस साड़ी के साथ डीप राउंड नेक वाला ट्रेडिशनल ब्लाउज पहना हुआ है, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है।

उन्होंने अपने लुक को पूरा करने के लिए नगों से जड़े ईयररिंग्स पहने, साथ ही मराठी स्टाइल की नथ भी पहनी। माथे पर लाल रंग की बिंदी और हाथों में सजे कंगनों के साथ उन्होंने पारंपरिक अंदाज में बालों की मोटी चोटी बनाई।

इन तस्वीरों में जान्हवी सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ लालबागचा राजा की मूर्ति के सामने हाथ जोड़कर खड़ी नजर आ रही हैं। उन्होंने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, गणपति बप्पा मोरया।

उनके पोस्ट पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। कोई उन्हें देवी जान्हवी कह रहा है, तो कोई उनके साड़ी लुक की तारीफ करते हुए लिख रहा है कि आप साड़ी में बहुत सुंदर लगती हो। वहीं, कुछ फैंस ने लिखा कि बप्पा का आशीर्वाद है, अब फिल्म जरूर हिट होगी।

# पुराने प्रेशर कुकर को लगातार यूज करने के ये नुकसान नहीं जानते होंगे आप?

क्या आप भी पुराने प्रेशर कुकर का इस्तेमाल कर रहे हैं? हो सकता है ये आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा रहा हो! भारतीय रसोई में प्रेशर कुकर खाना पकाने के सबसे जरूरी बर्तनों में से एक है। खासकर एल्युमिनियम प्रेशर कुकर, जो सस्ते और आसानी से मिल जाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि पुराने हो चुके प्रेशर कुकर में खाना बनाना सेहत के लिए कितना खतरनाक हो सकता है?

अगर आपका कुकर कई सालों से इस्तेमाल हो रहा है और उसकी परत खुरदरी हो चुकी है, तो अब समय है सावधान होने का। आइए जानते हैं कि पुराने कुकर से सेहत को कैसे नुकसान हो सकता है।

एल्युमिनियम एक ऐसा धातु है जो समय के साथ पतला और कमजोर हो जाता है। जैसे-जैसे प्रेशर कुकर पुराना होता है, उसकी अंदरूनी परत खुरदरी और घिसी हुई हो जाती है। जब हम इसमें खाना बनाते हैं, खासकर टमाटर, नींबू, इमली जैसी खट्टी चीजें, तो इनसे निकलने वाला एसिड एल्युमिनियम की परत को और खराब करता है। इससे धीरे-धीरे एल्युमिनियम के कण खाने में मिल जाते हैं, जो हमारे शरीर के लिए खतरनाक हो सकते हैं। यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम के फॉरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. भुपेश कुमार शर्मा बताते हैं कि जब पुराना एल्युमिनियम कुकर बार-बार इस्तेमाल किया जाता है, तो उसमें से एल्युमिनियम के बारीक कण खाने में मिल सकते हैं। ये कण धीरे-धीरे हमारे नर्वस सिस्टम पर असर डालते हैं। इसे कई बार भूलने की बीमारी से भी जोड़ा गया है। इसके अलावा, ये हड्डियों को कमजोर बना सकता है। हालांकि यह पूरी तरह से वैज्ञानिक तौर पर सिद्ध नहीं है, लेकिन इससे बचाव ही सबसे बेहतर उपाय है।

एक्सपर्ट की सलाह है कि एल्युमिनियम कुकर को 1 से 2 साल तक ही इस्तेमाल करें। अगर अच्छी क्वालिटी का कुकर है तो ज्यादा से ज्यादा 2-3 साल में बदल देना चाहिए।



जैसे-जैसे उसकी परत घिसने लगे या अंदर से काली या खुरदरी दिखे, समझ जाएं कि उसे बदलने का समय आ गया है।

पुराना या खुरदरा एल्युमिनियम कुकर तुरंत बदलें। खट्टी चीजें जैसे टमाटर, नींबू, दही आदि कुकर में पकाने से बचें। स्टेनलेस स्टील या पीतल के बर्तन इस्तेमाल करने की आदत डालें। अगर कुकर बार-बार जलने लगे या उसमें खाना अजीब स्वाद का लगे, तो ये भी खराबी का संकेत हो सकता है। डिशवॉशर या जंग लगे स्क्रबर से कुकर को न रगड़ें, इससे परत जल्दी घिसती है।

प्रेशर कुकर रोज़ाना इस्तेमाल में आने वाला बर्तन है और इसके जरिए जो खाना हम खाते हैं, वो सीधा हमारे शरीर को प्रभावित करता है। अगर कुकर पुराना, खुरदरा या घिसा हुआ है, तो वो धीरे-धीरे जहर जैसा काम कर सकता है।इसलिए ज़रूरी है कि समय पर हम इसे बदलें और अपनी सेहत की रक्षा करें। थोड़ा सा खर्च, बड़ी बीमारी से बचा सकता है।

# लगातार पैरों में दर्द होने का कारण शरीर में कम है ये विटामिन

हमारे शरीर के लिए विटामिन्स बेहद जरूरी होते हैं। ये विटामिन्स हमारे शरीर के कई जरूरी कामों में मदद करते हैं। अगर किसी खास विटामिन की कमी हो जाए तो शरीर में कई तरह की समस्याएं शुरू हो सकती हैं। खासकर पैरों में दर्द और चलने-फिरने में परेशानी होना कई बार विटामिन की कमी का संकेत हो सकता है। आज हम बात करेंगे उस एक विटामिन के बारे में जिसकी कमी से पैरों में दर्द और कमजोरी महसूस होती है।

**विटामिन B12 की कमी से होती है परेशानी**

पैरों में दर्द और कमजोरी का एक बड़ा कारण विटामिन क्च12 की कमी हो सकती है। विटामिन **B12** हमारे शरीर के लिए नर्व सिस्टम और रक्त निर्माण के लिए बहुत जरूरी होता है। जब शरीर में विटामिन **B12** की कमी हो जाती है तो नसें कमजोर होने लगती हैं और नर्व फंक्शन प्रभावित होता है। इसके कारण पैरों में झुनझुनी, दर्द और चलने में दिक्कत हो सकती है।

**पैरों में दर्द और झुनझुनी की समस्या**

जब विटामिन B12 की कमी होती है तो पैरों में झुनझुनी या सनसनाहट महसूस हो सकती है। यह एक तरह का नर्व डैमेज होता है, जिसे न्यूरोपैथी कहा जाता है। शुरुआत में दर्द हल्का होता है, लेकिन समय के साथ यह बढ़ सकता है और पैरों में भारीपन या कमजोरी भी महसूस हो सकती है। इस वजह से चलने-फिरने में परेशानी होती है।

**कमजोरी और थकान का एहसास**

विटामिन **B12** की कमी से शरीर में थकान और कमजोरी भी आ सकती है। खासकर पैरों में मांसपेशियों की ताकत कम हो जाती है, जिससे चलने-फिरने की क्षमता प्रभावित होती है। जो लोग अक्सर थकान महसूस करते हैं या पैरों में कमजोरी का सामना कर रहे हैं, उन्हें अपनी विटामिन B12 की लेवल जरूर चेक करानी चाहिए।



विटामिन B12 की कमी के और लक्षण

सिर्फ पैरों में दर्द ही नहीं, विटामिन **B12** की कमी से कई और लक्षण भी नजर आते हैं जैसे कि कमजोरी, याददाश्त कमजोर होना, मूड में बदलाव, और जीभ का लाल होना। यदि ये लक्षण दिखें तो जल्द से जल्द डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।

**विटामिन B12 की कमी कैसे पूरी करें?**

विटामिन B12 की कमी को पूरा करने के लिए सबसे पहले सही डायग्नोसिस जरूरी है। इसके बाद डॉक्टर विटामिन B12 के सप्लीमेंट्स देने की सलाह देते हैं। इसके अलावा मांसाहारी लोगों के लिए अंडे, दूध, मांस और मछली विटामिन B12 के अच्छे स्रोत हैं। शाकाहारी लोग फोर्टिफाइड फूड्स या सप्लीमेंट के जरिए विटामिन B12 ले सकते हैं।

**बचाव के उपाय**

अपनी डाइट में विटामिन B12 युक्त चीजें शामिल करें। समय-समय पर अपनी हेल्थ चेकअप करवाते रहें। थकान या पैरों में दर्द की समस्या हो तो उसे नजरअंदाज न करें।

## शब्द सामर्थ्य -154

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 153 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## एचडीएफसी परिवर्तन प्रोजेक्ट के सहयोग से समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ग्रामीण विकास की नई पहल, 15 पंचायतों में होंगे आजीविका और शिक्षा से जुड़े कार्य




**रायपुर।** जिला राजनांदगांव के डोंगरगढ ब्लॉक में — एचडीएफसी बैंक के (होलिस्टिक रूरल डेवेलपमेंट प्रोग्राम) परिवर्तन प्रोजेक्ट के सहयोग से समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा डोंगरगढ़ ब्लॉक की 15 ग्राम पंचायतों में समग्र ग्रामीण विकास की दिशा में अगले 3 वर्षों के लिए महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इन ग्राम पंचायतों में खुर्सीपार, बिलहारी, साहसपुर, पुरैना, कलकसा, अछोली, बेलगांव, विजनापुर, शिवनीकला, मूरमुदा, भोथली, रीवागहन, देवकट्टा, मनकी और शिवपुरी शामिल हैं।इस पहल के अंतर्गत आजीविका, कृषि, जल संरक्षण, शिक्षा और पशुपालन से संबंधित विभिन्न कार्य आगामी 3 वर्षों के लिए किए जायेंगे, जिनका उद्देश्य स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर को आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक रूप से सुदृढ़ बनाना है।समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट, बैंक के सहयोग से प्रस्तावित आगामी तीन वर्षों में, शिक्षा, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन , जल संसाधन, रोड लाईट, लैंडस्केप रेस्टोरेशन और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य किया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर बनाना, आजीविका के अवसरों में वृद्धि करना और सामाजिक समावेशन को प्रोत्साहित करना है।परियोजना के अंतर्गत ग्राम स्तर की समितियोंको सशक्त करने, महिला समूहों को मजबूत बनाने तथा युवाओं के लिए प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर सृजित करने पर विशेष ध्यान देने की योजना पर कार्य किया जायेगा।आजीविका एवं कृषि विकास के क्षेत्र में पपीता, प्याज, मिलेट (कोदो-कुटकी) तथा उच्च मूल्य वाली सब्जियों की खेती को बढ़ावा देना। टिकाऊ तकनीकों जैसे मचान खेती, मॉडल बकरी पालन, पोल्ट्री यूनिट, मशरूम उत्पादन, कोदो प्रोसेसिंग यूनिट और ड्रिप सिंचाई प्रणाली को अपनाने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो ऐसे महत्वपूर्ण कदम अगले तीन वर्षों में उठाए जाने है।समर्थ का यह प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सतत कृषि, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

# जानलेवा साबित हो रहा धनुहर पुल



**कोरिया बैकुंठपुर ।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से बिलासपुर मार्ग पर मनसुख का धनुहर पुल एक बार फिर सुर्खियों में है। शुक्रवार देर रात पुल पर एक भारी ट्रक फंस है, जिससे यातायात प्रभावित है। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन यहां भारी वाहन दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। धनुहर पुल की हालत लगातार बिगड़ रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अभी तक इस दिशा में ठोस कदम उठाने में नाकाम रहा है। संकीर्ण पुल से बढ़ रहा खतराधनुहर पुल का निर्माण कई दशक पहले हुआ था। उस समय वाहनों की संख्या और आकार सीमित थे, लेकिन अब बड़े-बड़े ट्रेलर और भारी ट्रक इसी मार्ग से गुजरते हैं। पुल की चौड़ाई और मजबूती वर्तमान यातायात के हिसाब से नाकाफी है।विशेषज्ञों का कहना है कि दोनों और चढ़ाई होने के कारण आए दिन इस पुल पर दुर्घटना होना लाजमी है । पुलनर्माण को लेकर चर्चाएं तो बहुत है परंतु अभी तक कार्यशरू नहीं हो जिसके कारण से मनसुख का धनुहर पुल हादसों का गढ़ बन गया है । यात्रियों और ग्रामीणों की परेशानीपुल पर ट्रक फंस जाने के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। स्कूली बच्चों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और आपातकालीन मरीजों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। कई बार एंबुलेंस भी घंटों जाम में फंस चुकी है।ग्रामीणों का कहना है कि वे रोजाना डर के साए में सफर करते हैं। किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार पुल से गुजरते वक्त भारी वाहन डगमगाने लगते हैं, जिससे लोगों की जान पर बन आती है। हादसों का गढ़धनुहर पुल की पहचान अब हादसों के गढ़ के रूप में हो चुकी है। पिछले छह महीनों में यहां छोटे-बड़े 20 से ज्यादा हादसे हो चुके हैं। कई बार पुल पर वाहनों के बीच टक्कर हुई तो कई बार ट्रक के फंसने से पूरा यातायात ठप हो गया। ग्रामीणों की मांग - नया पुल बनेग्रामीणों कई बार प्रशासन से इस पुल को चौड़ा करने या नया पुल बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक वैकल्पिक पुल का निर्माण नहीं होता, तब तक यहां दुर्घटनाओं का सिलसिला थमेगा नहीं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर नगर में फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित

## बैकुण्ठपुर टीम बनी विजेता, बालिका वर्ग में नगर ने जीती ट्रॉफी



कोरिया बैकुंठपुर / छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान तथा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद जयंती) के अवसर पर शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े ने युवाओं से मैदान में समय बिताने और मोबाइल से दूर रहने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे ने बालिकाओं को खेल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और करियर बनाने की सलाह दी। वहीं, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने छात्रों को नियमित दिनचर्या में खेल को शामिल करने और पसीना बहाकर लक्ष्य प्राप्त करने का मंत्र दिया।मुख्य प्रतियोगिता में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर और सोनहत की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें बैकुण्ठपुर ने सोनहत को 1-0 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में उमझर और नगर की टीमों के बीच हुए रोमांचक मैच में दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 की बराबरी पर रहीं। निर्णायक ट्राईब्रेकर में नगर की टीम ने उमझर को 3-2 से हराकर ट्रॉफी जीती।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बच्चों को इंटरनेट और मोबाइल के मोह से दूर रहकर किसी एक खेल में निरंतर अभ्यास करने तथा अनुशासित दिनचर्या अपनाने की सीख दी।कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शील्ड और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर दो दिवसीय फुटबाल स्पर्धा का हुआ आयोजन

सुकमा। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में मेजर ध्यानचंद के खेल जगत में अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए प्रतिवर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में जिला प्रशासन सुकमा के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को व्यापक व भव्य रूप से राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर जिले में 28 व 29 अगस्त 2025 को दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा 2025 का आयोजन किया। शुक्रवार को फाइनल मैच झापरा और युवा जागृति क्लब सुकमा की मध्य हुआ।

इसके साथ ही जिले में संतोष ट्राफी में प्रदर्शन करने वाले सोयम ब्रह्मा वरिष्ठ खिलाड़ी को सम्मानित किया गया।

# जिला चिकित्सालय चिरमिरी में मरीजों की सुविधा हेतु स्वास्थ्य मंत्री ने की पहल



**चिरमिरी छत्तीसगढ़।** मेडिकल सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने और आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार ने सराहनीय कदम उठाया है। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर अब एमसीबी जिले के चिरमिरी स्थित जिला चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों के मोबाइल नंबर आम नागरिकों के लिए साझा कर दिए गए हैं। यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि आपातकालीन स्थिति अथवा बीमारियों के दौरान जरूरतमंद मरीज सीधे चिकित्सकों से संपर्क कर सकें और समय रहते उचित परामर्श प्राप्त कर सकें।अक्सर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के अनेक मरीजों को सही समय पर चिकित्सकीय परामर्श न मिलने से गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में समय लग जाता है और चिकित्सक से तुरंत संपर्क न होने की वजह से उपचार में देरी होती है। ऐसे में यह नई पहल मरीजों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध हो सकती है। अब किसी भी रोगी को केवल अस्पताल पहुंचने पर ही चिकित्सकीय सलाह लेने की बाध्यता नहीं रहेगी, बल्कि वे सीधे फोन पर डॉक्टरों से बातचीत कर अपनी बीमारी के लक्षण बता सकते हैं और उचित दिशा-निर्देश प्राप्त कर सकते हैं।स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में शुरू की गई इस व्यवस्था से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। जिला चिकित्सालय चिरमिरी के विशेषज्ञ चिकित्सकों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने का उद्देश्य पारदर्शिता और सुविधा को बढ़ावा देना है। खासकर दूरस्थ अंचलों के मरीजों को इस सुविधा का सीधा लाभ मिलेगा, जिन्हें लंबे समय से विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता रहा है।मरीजों के लिए यह कदम राहत की सांस लेकर आया है। अब किसी भी सामान्य या गंभीर बीमारी की स्थिति में रोगी और उनके परिजन तुरंत डॉक्टरों से फोन पर संवाद स्थापित कर सकते हैं। इससे न केवल रोगियों को समय पर सही सलाह मिल पाएगी, बल्कि कई बार अनावश्यक रूप से अस्पताल तक आने-जाने की परेशानी से भी बचाव होगा।

# कोरिया में अधिकारियों का उन्मुखीकरण शुरू होगा ‘आदि कर्मयोगी अभियान

## जनजातीय समाज तक पहुंचेगी 25 योजनाओं का लाभ



कोरिया बैकुंठपुर । जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आज कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी ‘आदि कर्मयोगी अभियान’ के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि यह अभियान विजन 2047 विकसित भारत का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जनजातीय समाज तक शासन की योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुँच सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत कोरिया जिले के 154 ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं के साथ सरकार की 25 योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, जो 1 से 3 सितंबर तक ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद ग्रामीण वालंटियर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक चयनित ग्राम में ‘आदि सेवा केंद्र’ स्थापित होंगे। गैर शासकीय कर्मियों को ‘आदि सहयोगी’ और शासकीय कर्मियों को ‘आदि साथी’ कहा जाएगा।अभियान के दौरान शिकायत निवारण शिविर, जनजागरूकता कार्यक्रम और ‘आदिवासी सेवा दिवस’ का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डी.डी. मंडावी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती ऊषा लकड़ा, विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी व मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल के टीकाकरण केंद्र से शिशु संरक्षण माह का किया शुभारंभ



**कोरिया बैकुंठपुर ।** जिला चिकित्सालय, बैकुंठपुर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी के द्वारा शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया। शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती महिलाओं को दी जायेगी स्वास्थ्य सेवाएं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात एवं शिशुओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।इस कार्यक्रम में कोरिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अभिषेक गढ़ेवाल एवं डीपीएम अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी / कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विटामिन-ए, आयरन एवं फॉलिक एसिड का सिरप पिलाया गया तथा माताओं को शिशु देखभाल एवं पोषण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त टीकाकरण एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता संदेश भी दिए गए।शिशु संरक्षण माह अभियान 29 अगस्त से 30 सितंबर 2025 तक चलाया जा रहा है, ताकि कोई भी हितग्राही न छुटे? लक्ष्य की उपलब्धि शत-प्रतिशत हो सके, मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। जिले के विकासखण्डों में 6 से 59 माह के बच्चे 29102 आई एफ ए सिरप,विटामिन ए सिरप 27485 बच्चों को ( बैकुंठपुर , सोनहत ?, तहसील बचरापोडी) ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं , पोषण संबंधी परामर्श, जागरूकता कार्यक्रम एवं टीकाकरण अभियान आयोजित किए जाएंगे ताकि जिले के प्रत्येक शिशु की सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन सुनिश्चित किया जा सके।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टरने अपील करते हुए कहा कि अपने पास के टीकाकरण केंद्र पर जाकर अपने शिशु एवं लक्षित गर्भवती हितग्राहियों (महिलाओं) को सुरक्षित कर अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# छत्तीसगढ़ राज्य की 25वीं वर्षगांठ पर रजत जयंती कार्यक्रम



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वीं वर्षगाँठ (रजत जयंती) पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में जिला स्तरीय पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन सेजस खरबत, बैकुंठपुर में किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, खंड स्त्रोत समन्वयक नीलेश शुक्ला एवं विकासखण्ड नोडल अधिकारी विजय नाथ बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया , इसके बाद कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन मे पुस्तक वाचन का मुख्य उद्देश्य, विद्यार्थियों एवं समाज में विभिन्न पुस्तक पढ़ने की आदत और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को निरन्तर समझ के साथ पढ़ना और पढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में साक्षरता और पढ़ना, लिखना व्यक्ति के विकास के लिए पुस्तक पढ़ना जारी रखना चाहिए हम जितनी पुस्तके पढ़ेंगे उतने ही समझदार होते जाएंगे, पुस्तकें ज्ञान का असीमित भंडार हैं, जो हमें नई सोच, प्रेरणा और जीवन जीने की दिशा देती हैं।उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन कम से कम 1 घंटा विषय से अलग महापुरुषों की जीवनी, कहानी, पत्रिका, ज्ञानवर्धक पुस्तक अवश्य पठन करना चाहिए। इसके पश्चात संस्था के समस्त शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं के साथ पुस्तक वाचन भी किया गयाकार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य ब्रिज नारायण मिश्रा ने सभी अतिथियों को प्रेरक पुस्तक भेंट किया और अभिभावकों शिक्षकों, विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।इस तरह के आयोजन से बच्चों में वाचन कौशल और साहित्य के प्रति रुचि विकसित होती है। पुस्तक वाचन से न केवल भाषा कौशल का विकास होता है।पुस्तक वाचन कार्यक्रम में संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने इसे अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन वीरेंद्र के द्वारा किया गया 7 यह पुस्तक वाचन कार्यक्रम विकास खण्ड के प्रत्येक शैक्षिणिक संस्थाओ व कार्यालयों में किया गया।

# जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में समय-सीमा सर्वाधिक महत्वपूर्ण - डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी

## लापरवाह सचिव सस्पेंड, पांच को नोटिस-पंचायत सचिवों को चेतावनी



कोरिया बैकुंठपुर । कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समस्त योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।बैठक में ग्राम पंचायतवार योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिव श्रीपाल भगत को तत्काल निलंबित कर दिया गया तथा अकारण अनुपस्थित रहने वाले पांच सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।मनरेगा की समीक्षा,सीईओ ने महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत मोर गांव मोर पानी महाभियान, एक पेड़ मां के नाम, लेबर बजट निर्माण, मानव दिवस सृजन और कार्यपूर्णता जैसे विषयों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामग्री क्रय नियमों के अनुरूप हो तथा प्राकृतिक संसाधन संवर्धन एवं कृषि आधारित कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।प्रधानमंत्री आवास योजना पर कड़ी नाराजगी,प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति अपेक्षित स्तर पर न होने पर सीईओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवास हितग्राही को 90 दिन का अकुशल रोजगार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और %एक पेड़ मां के नाम% रोपण अनिवार्य रूप से कराया जाए।बिहान योजना से महिला सशक्तिकरण,ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की समीक्षा में सामाजिक व वित्तीय समावेशन, बैंक लिंकेज, महिला उद्यमों, बीमा क्लेम और कृषि/गैर कृषि आजीविका गतिविधियों की स्थिति पर चर्चा की गई। सीईओ ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

पंचायत विकास योजनाओं की प्रगति,सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने महतारी सदन योजना, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, 15वें वित्त आयोग से संबंधित कार्यों, जन्म-मृत्यु पंजीयन तथा नामांतरण जैसे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की 16 पंजियों का अद्यतन अनिवार्य रूप से किया जाए तथा स्वच्छ भारत मिशन और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्य समय-सीमा और गुणवत्ता के साथ पूरे हों।

# विघ्नहर्ता की उपासनाः 6 स्थान पर होगा विसर्जन

## ऐसे स्थलों पर सफाई सहित प्रकाश व्यवस्था कर रहा निगम

**कोरबा।** विघ्नों का हरण करने के साथ मंगल करने व देवताओं में प्रथम पूज्य भगवान गणपति का उत्सव चतुर्थी से कोरबा नगर, उपनगरीय क्षेत्रों व जिले में आस्था पूर्वक मनाया जा रहा है। उल्लास के साथ गणेश भगवान की पूजा-अर्चना व उपासना करने में लोग जुटे हुए है। हर कहीं भक्तिमय माहौल बना हुआ है। अंतिम रूप से गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन अनंत चतुर्दशी को संपन्न होगा। इसके लिए प्रशासन के साथ मिलकर नगर निगम ने व्यवस्था बनाई है। इसके लिए निगम क्षेत्र में 6 स्थानों का चयन किया गया है।

गणेश पूजा उत्सव व अन्य धार्मिक पर्वों के मद्दे नजर नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत 06 स्थानों पर मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था निगम द्वारा कराई गई है। आयुक्त आशुतोष पांडेय ने इस संबंध में ए डी एम देवेन्द्र पटेल व एडिशनल एस पी व्ही के सिंह के साथ बैठक कर आवश्यक चर्चा की। निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी निर्धारित स्थलों पर विसर्जन कुंड, आवश्यक प्रकाश व्यवस्था, बेरीकेटिंग, व साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए। बताया गया कि कोरबा जोनअंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 एस एल आर एम सेंटर के सामने स्थित रेट घाट , परिवहन नगर जोनान्तर्गत पंप हाउस नदी के किनारे , कोसाबाड़ी एवं रविशंकर नगर जोनांतर्गत डेगूर नाला छठ घाट , बालको जोन अंतर्गत बेलगरी नाला छठ घाट राम मंदिर के पास ,दर्री जोन अंतर्गत प्रगति नगर सर्वेश्वर मंदिर के पास तथा सर्वमंगला नगर जोन अंतर्गत सर्वमंगला मंदिर के पास नदी घाट पर विसर्जन स्थल रहेंगे।



महानदी काम्पलेक्स में व्यापारी संघ ने विराजित की प्रतिमा

निगम द्वारा क्षेत्र की समस्त पूजा समितियो, आयोजनकर्ताओ व श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि उक्त निर्धारित विसर्जन स्थलों पर ही प्रतिमाओं का विसर्जन करें। कहा गया कि गणेश उत्सव के बाद विश्वकर्मा पूजा और दुर्गा पूजा के आयोजन पश्चात् इन्हीं स्थानों पर की जायेगी। इस लिहाज से संबंधित स्थान पर सफाई, प्रकाश और अन्य सभी जरूरी प्रबंध किये जा रहे है। संबंधित स्थान पर आगे समीक्षा के साथ और भी व्यवस्था करायी जायेंगी।

### सुरक्षा पर जोर, होगी वेरिकेटिंग

विसर्जन के दौरान काफी संख्या में होने वाली भीड़ की वजह से अनहोनी की आशंका बनी रहती है। इसलिए नगर निगम ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह इन सभी निर्धारित विसर्जन स्थलों में विसर्जन कुंड बनाएं एवं सुरक्षा के मद्देनजर वेरिकेटिंग कराए। इन स्थानों पर पहुंच मार्ग की सफाई के साथ वे सभी प्रबंध कराये जाने को भी कहा गया है, जिसकी जरूरत है।



## बलगी के राजा की धूम, सबके मंगल के लिए हो रही कामना

**कोरबा।** कोरबा जिले के कोयलाचल बलगी में गणेश उत्सव पर धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां के मुख्य मैदान में भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमा स्थापित की गई है जिसे बलगी के राजा का नाम दिया गया है। इसके दर्शन पूजन के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति हो रही है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को यहां पर गणेश प्रतिमा की स्थापना विधि विधान के साथ की गई। इससे पूर्व बलगी के राजा का भव्य स्वागत किया गया। दुर्गा पंडाल,दशहरा मैदान, बलगी कॉलोनी मैं आयोजित गणेश उत्सव को लेकर इस बार विशेष उत्साह बना हुआ है। आयोजन स्थल पर विशेष डेकोरेशन की गई है। आयोजन समिति की ओर से प्रतिदिन पूजा अर्चना और भजन कीर्तन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जा रहे हैं। आयोजन समिति में अध्यक्ष गुंजन सागर, उपाध्यक्ष आकाश,नवीन साहिल, मनहर, साहिल, घनश्याम,राजू, लक्ष्मी,चिंटू,दाऊ,मुकेश,अजय,बसंत, निखिल, गज्जू, मोनू शामिल है। इनके साथ-साथ सभी कॉलोनी वासियों का सहयोग गणेश उत्सव के आयोजन में प्राप्त हो रहा है।



## और लगाओ मॉडिफाई साइलेंसर, 15 हजार का झटका

**कोरबा।** लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद दुपहिया गाड़ियों में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर कानफोड़ू आवाज से जनता को परेशान करना कई चालकों को भारी पड़ गया। पुलिस ने एक तरफ कार्रवाई की और कोर्ट ने उन पर 15 000 की पेनल्टी लगाई। पुलिस ने कहा है कि यह अभियान कभी नहीं रुकेगा और लगातार हम एक्शन लेंगे। सड़क सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस ने विशेष अभियान चलाया हुआ है। कोरबा में 15 से 29 अगस्त 2025 तक ट्रैफिक पुलिस ने मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की। थाना सिविल लाइन 10, थाना दीपका 10, यातायात पुलिस 14, पुलिस सहायता केंद्र मानिकपुर 10 और कोतवाली 7 मामलों की प्रमुख कार्यवाही शामिल रही। इस दौरान पुलिस ने 69 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया, जहां न्यायालय द्वारा 15,000 रुपये तक जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का पालन न करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहर की शांति, यातायात व्यवस्था और नागरिकों की सुविधा बनी रहे।

## प्रदेश महामंत्री बरेठ बस्तर प्रवास पर

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी महासंघ के द्वारा सभी जिले में आज आंदोलन किए जा रहे हैं। इसके तहत जिला प्रशासनिक भवन व अभियंता कार्यालय के सामने धरना देकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। महासंघ के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने कोंडागांव, कांकेर व बस्तर में जाकर कर्मचारियों की बैठक ली। यहां पर धरना देकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इधर कोरबा में भी आज कलेक्टर कार्यालय के निकट धरना शुरू कर दिया गया है। इस कार्यक्रम में राधेश्याम जायसवाल, अजय मिश्रा, रंजय सिंह, पूर्णिमा साहू, संदीप राठौर सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद हैं। कोरबा पूर्व में पूर्णिमा साहू, राघवेंद्र राठौर को आंदोलन का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह कोरबा पश्चिम में केदार राठौर व अमर सिंह राठौर आज शाम को ज्ञापन सौंपेंगे। बिजली कर्मचारी रैली निकालकर धरना स्थल पर पहुंचेंगे।

## कांग्रेस में बनेगा सेक्टर समिति

**कोरबा।** कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए मंडलों में बांटा गया है। अब मंडलों में सेक्टर समिति बनायी जाएगी। मंडलों में कार्यसमिति बनायी जा चुकी है। लेकिन अभी तक नामों की घोषणा नहीं की गई है। ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मनोज चौहान व शहर अध्यक्ष नाथू यादव सेक्टर समिति बनाने के लिए लगे हुए है। ब्लाकों में अध्यक्ष के साथ मिलकर सभी कार्यकर्ता सेक्टर समिति बना रहे हैं। इस कार्य में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रभातंवर व महामंत्री भूनेश्वरी दास का भी सहयोग लिया जा रहा है। ब्लाक अध्यक्ष टीकाराम मनहर, दीलिप सिंह, गोरेलाल यादव, पुष्पेन्द्र शुक्ला सहित सभी ब्लाक अध्यक्षों ने मंडल समिति तैयार कर ली है। अब वे सेक्टर समिति बनाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि मंडलों में जो कार्य समिति बनायी गई है, उसके नामों की घोषणा प्रदेश से की जाएगी। नामों की सूची प्रदेश को भेज दिया गया है।

## मच्छरों के प्रकोप रोकने दवा का छिड़काव

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व कालोनी में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए दवा का छिड़काव कार्य शुरू कर दिया गया है। सभी यूनियन प्रतिनिधि इस मामले को लगातार उठा रहे थे। एसकेएमएस के धरमा राव, सुभाष सिंह, मनीष सिंह, कृष्णा तिवारी, सुरेश श्रीवास, प्रमोद दीवान ने इस मामले को आईआर बैठक ने उठाया था। एरिया क्षेत्र के सुभाष ब्लाक व जेपी कालोनी में दवा का छिड़काव हुआ है।

## कटघोरा और बालको क्षेत्र में गांजा बिक्री पर दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले में नशे के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बालकोनगर और कटघोरा थाना पुलिस ने यह सफलता हासिल की।



थाना कटघोरा पुलिस ने दुष्यंत जायसवाल (36 वर्ष), निवासी ग्राम बिझरा धोबी मोहल्ला, को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में झिल्ली के अंदर भरा 330 ग्राम गांजा (कीमत लगभग ?3300/-) बरामद हुआ। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 306/2025 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। थाना बालकोनगर पुलिस ने बीर लाल (62 वर्ष), निवासी चेकपोस्ट बालको, को पकड़ा। उसके पास से एक चिलम, माचिस और सात छोटे पैकेटों में रखा कुल 10.5 ग्राम गांजा जब्त किया गया।

कोरबा पुलिस ने कहा है कि किसी भी प्रकार की नशीली दवाओं या गांजा का सेवन व व्यापार कानूनन अपराध है। ऐसे कृत्य से समाज का माहौल बिगड़ता है और युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। नागरिकों से अपील है कि ऐसे अपराधों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## विकास कार्यों पर चर्चा

**कोरबा।** नगर पंचायत छूरीकला में अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन द्वारा बैठक ली गई, जिसमें विकास कार्यों पर चर्चा हुई। उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी व विधायक प्रतिनिधि प्रीतम देवांगन ने भी सुझाव दिए। खासकर पेयजल की समस्या को लेकर नगर पंचायत छूरी में कार्य हो रहा है। पिछले दिनों पाईप लाईन विस्तार कार्य का भूमि पूजन किया गया है। जल संवर्धन योजना के तहत सभी वार्डों में कार्य किया जाएगा। अब नाली, सड़कों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लाईट व्यवस्था को भी सुचारू बनाने पार्षदों ने भी सुझाव दिए। बैठक में पार्षद कांति श्रीवास, नमिता यादव, संगीता यादव, सुशीला बिंझवार, सुभाष जोशी, कांता देवांगन, टिकैत डोंगरे, रमेश श्रीवास, डेकरांत देवांगन सहित भाजपा के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खदान पहुंच मार्ग निर्माण को लेकर मिलेगा प्रतिनिधि मंडल

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर खदान तक जाने के लिए जो सड़क बनी हुई है वह काफी खराब हो चुकी है। बरसात के मौसम में सड़क की दशा अत्यंत खराब हो गई है। सड़क मार्ग के निर्माण के लिए एसईकेएमसी के कार्यकर्ता अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह के मार्गदर्शन में सुब्रत दास, प्रमोद बनर्जी, संदीप चौधरी, रामफल साहू, सुनित शुक्ला अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इनका कहना है कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क का निर्माण जरूरी हो गया है। कोयला कामगार काम करने के लिए खदान आते जाते हैं। दुर्घटना न हो इसके लिए एसईकेएमएसी ने प्रयास तेज कर दिए हैं।

## पटाखे फोड़कर गजराजों को खदेड़ा लोगों ने

**कोरबा।** कटघोरा क्षेत्र में 44 हाथियों को भगाने के लिए पिछली रात लोगों ने पटाखे का सहारा लिया। चौतरफा लोगों के हावी होने के बाद गजराजों को यहां से भागना पड़ा। कुछ दिनों से क्षेत्र में समस्या बनी है।



बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोट अधिकार यात्रा कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल निकाल रहा है। इसी दरमियान एक कार्यक्रम में नेताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के बारे में अमर्यादित शब्दों का उपयोग किया। कोरबा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस मामले को लेकर विरोध दर्ज करने के साथ विपक्ष की बखिया उखेड़ी

## हीरामणि सहित कवियों ने रंग जमाया सम्मेलन में

**कोरबा।** डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर कोरबा फेस 1 में गणेश पूजा उत्सव का आयोजन सार्वजनिक समिति के द्वारा किया गया है। पिछली रात्रि यहां पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारत अल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको नगर में कार्यरत कवि हीरामणि वैष्णव ने अपनी विशेष रचनाओं के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई। सरकार के द्वारा चलाई जा रही सैकड़ो योजनाओं के बारे में जानकारी देने से संबंधित उनकी कविता को विभिन्न प्रदेशों में सराहना मिली है। वैष्णो ने इस कविता के अलावा दूसरी रचनाओं का पाठ करने के साथ श्रोताओं पर विशेष प्रभाव छोड़ा।

## प्रमाणित बीज उत्पादन के लिए 31 अगस्त तक होगा पंजीयन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष खरीफ मौसम में कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्रदान कर अन्य किसानों की तुलना में प्रति एकड़ अधिक लाभ कमाने का मौका देता आ रहा है लेकिन इसकी जानकारी कुछ ही किसानों को होती है.

यदि आप भी अधिक लाभ कमाने के इच्छुक है तो इस खबर को पढ़ना जारी रखें. प्रमाणित बीज के उपयोग से पुराने बीज की तुलना में 10 से 15% अधिक उपज प्राप्त होता है. फ़सल की पैदावार बढ़ाने के लिए कृषि विभाग द्वारा प्रमाणित बीज के उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है. प्रदेश के किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार किस्मों का प्रमाणित बीज मुहैया कराने के लिए बीज निगम बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजित करता है. जिन किसानों के पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक ज़मीन है वो छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में मामूली शुल्क देकर अपना पंजीयन करा सकते है. इसके लिए आपको अपने जिले के बीज प्रकिया केंद्र में संपर्क करना होगा. बीज उत्पादन कैसे किया जाता है इसकी पूरी जानकारी बीज प्रमाणीकरण अधिकारियों द्वारा दी जाती है. फ़सल कटने पर अपना बीज प्रक्रिया केंद्र में देने पर आपको एक सप्ताह में बीज की अग्रिम राशि दे दी जाती है जो कुल बीज की कीमत का लगभग 60% राशि है शेष 40% राशि बीज परीक्षण परिणाम आने पर दे दी जाती है. इस प्रक्रिया में लगभग 2 माह लगते है. पिछले खरीफ में धान मोटा किस्म की किसानों बीज खरीदी दर 3043+ 800(बोनस)= 3843 रुपये प्रति क्विंटल, धान पतला किस्म- 3211+ 800 (बोनस) =4011 रुपये प्रति क्विंटल, सुगंधित किस्म- 3644 +800 (बोनस)=4444 रुपये प्रति क्विंटल थी. पिछले खरीफ में जिन किसानों ने बीज निगम में उत्पादन कार्यक्रम में हिस्सा लिया था।

## डायल 112 के कर्मियों ने पूछा, कब बढ़ेगा वेतन

**कोरबा।** जिले में डायल 112 के वाहन चलाने वाले चालकों को 8 साल बाद सीमित वेतन से काम करना पड़ रहा है। उन्होंने लंबे समय बाद भी अपने मसले पर विचार नहीं करने को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं।

जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी को इन कर्मियों ने ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं की तरफ ध्यान आकर्षित कराया है । उनके द्वारा कहा गया कि नियुक्ति के समय उन्हें 8500 रुपये मासिक देने की बात कही गई थी लेकिन नियोक्ता एजेंसी ने 7432 रुपए का ही भुगतान किया। लंबे अरसे के बाद वेतन में बढ़ोतरी हुई और वह केवल 8200 तक सिमट गई। वेतन वृद्धि और काम के अतिरिक्त घंटे में ओवरटाइम का लाभ नहीं दिए जाने से नाराज होकर डायल 112 के कर्मियों ने कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सोपा।



उन्होंने कहा है कि हमारे आर्थिक और सामाजिक हित के बारे में विचार किया जाना चाहिए। डायल 112 कर्मचारी संगठन के द्वारा कहा गया कि 8 वर्ष का समय किसी भी सर्विस सेक्टर में काम करने के लिए महत्वपूर्ण होता है। समय के साथ लगातार दूसरे सेक्टर में असंगठित कामगारों के वेतन से लेकर दूसरी सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। महंगाई में बढ़ोतरी होने को इसका सबसे बड़ा कारण माना गया है। सरकार खुद इस बात को स्वीकार करती है और वह अपने अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों के वेतन और अलाउंस में बढ़ोतरी करने के लिए गंभीरता दिखती है। जब इस तरह की बातें हैं तो फिर आपदा से संबंधित कार्यों के लिए जो वर्ग काम कर रहा है उनके बारे में विचार कब किया जाएगा। कर्मचारी संगठन के द्वारा ध्यान आकर्षित कराया गया है कि उन्हें अपने वेतन के मामले में आखिर और कितनी बार प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## महंगी हुई सब्जियां

**कोरबा।** लोकल आवक बाधित होने के कारण सब्जियों की कीमतों पर असर पड़ा है। सभी प्रकार की सब्जियों की कीमतों में 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।


जय श्रीराम

प्लाट बेचना है

बुधवारी बायपास रोड में 85×300 का प्लाट तथा दादर कोरबा में 20 डिसमिल का प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।

संपर्क करें

62681-46606











स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com